CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 54 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राम को गाली देने वाले महर्षि वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं: योगी पेज 2



विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप पर कायम खेल टाइम्स



डिजिटल गोल्ड और नई मुद्रा: नियमों की सुबह होने को है सम्पादकीय



गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका पेज 12

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच तक स्नोफॉल, राजस्थान में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर





चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब- हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है।

# हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई।

खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी



**बस में करीब 35 लोग थे सवार**

गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है। और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### हरियाणा के IG वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी में मंगलवार को बड़ी घटना हुई है। यहां हरियाणा पुलिस के बड़े अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना सेक्टर-11 की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई. पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी. अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं।

### करूर भगदड़ की CBI से जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा के नेता उमा आनंदन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 10 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

### ईडी के तकनीकी सहायता घोटाले में 15 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी तकनीकी सहायता घोटाले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। जांच में पाया गया कि इन जालसाजों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन इलाके में कई फर्जी कॉल सेंटर खोल रखे थे।

# SIR के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे।

**चुनाव आयोग नौ अक्टूबर तक जानकारी सौंपे**

चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### निठारी हत्याकांड: कोली की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निठारी हत्याकांड से संबंधित एक मामले के दोषी सुरेन्द्र कोली की क्यूरेटिव याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने खुली अदालत में संक्षिप्त सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। यह याचिका वर्ष 2005-2006 के उत्तर प्रदेश में नोएडा के निठारी में हुए सीरियल हत्याकांड से जुड़े हत्या और बलात्कार के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सुरेंद्र कोली ने दायर की थी।



### आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक 'आपत्तिजनक' वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है। उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि चुनाव के दौरान पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि अगर एक खास राजनीतिक दल सत्ता में नहीं आता है, तो एक खास समुदाय सत्ता संभाल लेगा। इस पर पीठ ने कहा कि इसमें (वीडियो) टोपी और दाढ़ी वाले लोग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।

### दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें। वहीं, सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

# रायबरेली में हुई इंसानियत की हत्या

## कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर मार डालने की घटना को इंसानियत की हत्या करार दिया है।



श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ़ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज़ कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है, और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफ़रत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोज़र ने ले ली है, और इंसाफ़ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय ज़रूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। श्री गांधी इस घटना की पहले भी कड़ी निंदा कर चुके हैं और वाल्मीकि जयंती पर उन्होंने दोबारा इसे इंसानियत की हत्या बता कर जता दिया है कि कांग्रेस पहले से ही दलितों पर अत्याचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान को और तेज करेगी।

**कहा: भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीबों को बनाया जा रहा निशाना**

# एआई की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से पक्षी टकराया

**चेन्नई।** एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है।

सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया, जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया। घटना के समय फ्लाइट में 158 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**158 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित, एयरलाइन ने वापसी उड़ान रद्द की**

# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

**पांच राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

### एनएचआरसी ने कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत मामले में जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिवों को कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की हुई मौत को लेकर एक नोटिस जारी किया है। आयोग ने यह कार्रवाई दवा सुरक्षा और नियामक निरीक्षण में हुई गंभीर खामियों के सामने आने की शिकायत के बाद की। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया।

# सुरक्षित व विश्वसनीय एआई के लिए 5 परियोजनाओं का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभाग इंडिया एआई ने 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' के दूसरे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा तैयार पांच परियोजनाओं का चयन किया है।

मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एआई प्रौद्योगिकियां जिस प्रकार से अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही हैं, उनका सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है। स्वदेशी शासन उपकरण, ढांचे और



दिशा-निर्देश विकसित करने के उद्देश्य से चुस्त और मजबूत तंत्र को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई ने 10 दिसम्बर 2024 को कई महत्वपूर्ण विषयों पर 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' स्तंभ के तहत रुचि की अभिव्यक्ति का दूसरा दौर शुरू किया था। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान संगठनों और नागरिक समाज से 400 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की एक समिति का गठन किया गया। रुचि की अभिव्यक्ति के दूसरे दौर के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पांच परियोजनाओं का चयन किया गया है। डीपफेक का पता लगाने के लिए विकसित तीन टूल को इसमें जगह मिली है। इनमें एक परियोजना आईआईटी खड़गपुर की है। दूसरी परियोजना आईआईटी जोधपुर और आईआईटी मद्रास ने संयुक्त रूप से तैयार की है। तीसरी परियोजना आईआईटी मंडी और हिमाचल प्रदेश फॉरेंसिक सेवा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। 'डिजिटल फ्यूचर लैब' और 'कार्य' ने मिलकर कृषि एलएलएम के क्षेत्र में लैंगिक पक्षपात को कम करने के लिए एक टूल विकसित किया है। एक अन्य चयनित परियोजना आईआईटी धारवाड़ और ग्लोबल्स आईटीईएस प्राइवेट लिमिटेड की है, जिसमें एलएलएम और सृजनात्मक एआई की उपलब्धता और उसके आकलन के लिए टूल विकसित किया गया है।

**प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC)
• राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर
• सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन
• योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट
• वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से फिर शुरू होगी

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिक.ारी ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही और यह बुधवार आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उस दिन अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 34 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक तीन सदस्य वाली उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

### सितम्बर में बिके करीब तीन लाख यात्री वाहन

**नई दिल्ली।** देश में गत सितम्बर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले, पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही, वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितम्बर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके, जो पिछले साल सितम्बर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# सफाई कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन



■ राम को गाली देने वाले वाल्मीकि भी अपमान करते हैं

सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया।

### सपा शासन में महापुरुषों का हुआ अपमान: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्एक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को प्रश्नचिह्न के घेरे में रखने के साथ महर्षि व्यास को भी घेरे में रख दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी ने एयरपोर्ट का निर्माण नहीं किया। जब हम इसे बना रहे थे और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के समय में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपए भी नहीं मिल पाता था, लेकिन पीएम ने सबसे पहले कहा कि मैला सिर पर ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए।

# सिरप से बच्चों की मौत की न्यायिक जांच करे मप्र सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस संकट को भारी भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और कहा कि सिरप माफियागीरी के इस प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक परिवार के एक सदस्य को सरक.ारी नौकरी देकर बच्चे के इलाज में हुए खर्च की राशि परिवार को मिलनी चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिघार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में नंबर वन है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के 2023 में 22,393 मामले सामने आए हैं। चार साल में 59 हजार से ज्यादा बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि छिदवाड़ा में सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत हुई है। कफ सिरप के कारण बच्चों को हो रही दिक्कत को लेकर छिदवाड़ा के विधायक सोहन वाल्मीकि ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। कई बार मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखे मगर कोई नहीं जागा। सवाल है कि आखिर पत्र लिखने के बाद भी सरकार क्यों नहीं जागी। जब बच्चे मरने लगे और मामला ज्यादा बढ़ा, तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि एक छोटी सी बीमारी में भी टेस्ट कराया जाता है, तो प्रदेश में बच्चों की किडनी फेल होने की रिपोर्ट आती है। दवा कंपनी ने परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्र को जानबूझकर अपने कारोबार के लिए चुना है।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों को 171 करोड़ जारी

## पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में जमा होंगे: एलजी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि यहां के लगभग 8.55 लाख पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 171 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल सिन्हा के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लगभग 8-55 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 171 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। यह अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता हमारे किसानों को अपनी आजीविका बनाए रखने और कृषि गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए तेज़ी से काम करने में मदद करेगी। हमारे किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं।

### गुलमर्ग में पहली बार पारा हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस मौसम में पहली बार सोमवार रात को पारा हिमांक बिंदु से नीचे रहा। ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरे कश्मीर में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कश्मीर घाटी को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.0 डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर के मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और पिछले 24 घंटों में 37.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सपा-कांग्रेस के मुंह में राम, बगल में छुरी: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जातिवादी व्यवस्था के शिकार करोड़ों दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मिशनरी आंदोलन से जोड़कर आत्मसम्मान व स्वाभिमान की नई राह दिखाने वाले बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा से ही जातिवादी व पक्षपाती रहा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मायावती ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां समय-समय पर स्वार्थ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों का चरित्र 'मुंह में राम, बगल में छुरी' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। सपा ने न केवल कांशीराम जी के जीवनकाल में उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की, बल्कि बसपा



सरकार द्वारा 2008 में कानपुर देहात को अलग मंडल बनाकर 'कांशीराम नगर' नाम देने के बाद भी उसे बदल दिया। इसके अलावा कांशीराम के नाम पर बनाए गए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व संस्थानों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। मायावती ने इसे 'घोर दलित विरोधी चाल और चेहरा' करार दिया। कांशीराम के निधन पर सपा की यूपी सरकार ने राज्य में शोक दिवस तक घोषित नहीं किया। इसी तरह उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां संकीर्ण राजनीति व वोट के स्वार्थ में कांशीराम को याद करती हैं।

### पीडीए का मतलब 'पीड़ित, दुखी, अपमानित': अखिलेश

**लखनऊ।** देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले को लेकर जारी बयानबाजी के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की है। कुछ लोगों के हाथ में जाकर तो जूता भी अपमानित महसूस करता है। यादव ने एक्स पर लिखा- पीडीए समाज का अपमान करने वाले ऐसे असभ्य लोग दरअसल अपने दंभ और अहंकार के मारे होते हैं। इनकी प्रभुत्ववादी सोच नफ़रत को जन्म देती है, जो देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए जितनी होती है, उतनी ही समाज के सबसे कमज़ोर अंतिम व्यक्ति के लिए भी। ऐसे लोग वर्चस्ववाद की बीमारी से घोर ग्रसित होते हैं। हम इसलिए कहते हैं, पीडीए का मतलब है 'पीड़ित, दुखी, अपमानित'। पीडीए समाज की उदारता और भलमनसाहत 5000 सालों से ऐसे लोगों को माफ़ करती आई है।



सेंसेक्स 81926.75
निफ्टी 25108.30



सोना रु. 123300
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 157400
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों का 23 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, बैंकिग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में



■ प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा।

अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.01 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.78 फीसदी, इंफोसिस में 1.29, भारतीय स्टेट बैंक में 1.07 और हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,184 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,635 के शेयरों में गिरावट और 1,434 में तेजी रही। अन्य 115 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.01 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 फीसदी की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.02 प्रतिशत नीचे थे।

# 1.20 लाख रुपये के पार सोना, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,23,300 रुपये के स्तर को पार कर गया है। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में सोना 2,700 महंगा हुआ है। दिल्ली में सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,57,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्ञातव्य है कि करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए सोना खरीदते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,22,070 रुपये है, जबकि मुंबई में 1,22,020, चेन्नई में 1,22,180 , कोलकाता में 1,22,020 , लखनऊ में 1,22,070 , चंडीगढ़ में 1,22,070 और अहमदाबाद में 1,22,070 रुपये है। हालांकि ऊंची कीमतों के कारण ज्वैलरी खरीदारी थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन गोल्ड ईटीएफऔर डिजिटल गोल्ड में निवेश बढ़ रहा है।

# चावल-चीनी रहे मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक लजस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं चीनी में भी बढ़त देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,472 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.83 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,864.44 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव नौ रुपये घटकर 2,852.46 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी तीन रुपये गिर गई और यह 3,303.07 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 52 रुपये और मूंगफली तेल की 57 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। अन्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 88 रुपये और वनस्पति 85 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की



कीमत 33 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और मसूर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं तुअर दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई, जबकि चीनी में तीन रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार न लगने से निराश लौटे फरियादी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौट गए। इसके बावजूद सुबह से ही सर्किट हाउस के बाहर फरियादियों की भीड़ जमा होने लगी। फरियादियों को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री जनता दरबार में उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि प्रोटोकॉल के अनुसार जनता दरबार का आयोजन नहीं था, जिसके कारण फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी महासंघ की जिलाध्यक्ष भारती ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं, लेकिन मुलाक.ात नहीं हो सकी। उनकी मांग थी कि अन्य राज्यों की तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह में भी वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं।

बलिया से आए श्रीपति पांडेय ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री इस बार भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, इसलिए वे वाराणसी आए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण उनका पूरा परिवार परेशान है।

### योगी से मिलकर न्याय मांगेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के ससुर

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब परिवार से निकलकर सियासत के गलियारों तक पहुंचने की तैयारी में है। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बेटी के सम्मान और न्याय की मांग करेंगे। रामबाबू सिंह और उनकी पुत्री ज्योति सिंह देर-सबेर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। रामबाबू का कहना है कि वे एक पिता के रूप में बेटी के सम्मान और सुरक्षा की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी उनसे बात करने ही आई थी, लेकिन वह बातचीत नहीं की, उल्टा पुलिस को भेज दिया है। पुलिस पहुंच गई और बेटी को ले जाने लगी।

# गरब्यांग में टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ग्रामीण पर्यटन, सतत विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सीमावर्ती गांव गरब्यांग में एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया।



■ ग्रामीण पर्यटन व विकास को मिलेगा बढ़ावा: सेना

भारतीय सेना ने यहां एक बयान में मंगलवार को कहा कि इस सुविधा का उद्घाटन छह अक्टूबर को उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने किया। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाना है। गरब्यांग से दो पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग निकलते हैं, जिसमें पहला आदि कैलाश की ओर और दूसरा ओम पर्वत तथा कालापानी की ओर जाता है। इसका सामरिक एवं आध्यात्मिक महत्व इसे कुमाऊं के ऊंचे इलाकों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। ग्रामीणों ने इस उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत विकसित एवं ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्र संचा.लित इस होमस्टे से आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली का अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर मिलता है। होमस्टे की बुकिंग का प्रबंधन गरब्यांग ग्राम समिति द्वारा किया जाता है, जिनसे 9410734276, 7579811930, 9596752645 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। भोजन सहित प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि किराया 1,000 रुपए है। पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा भारतीय सेना कुमाऊं के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं चलाती है, जिसमें गांवों का विद्युतीकरण करना, हाइब्रिड सौर संयंत्र स्थापित करना, चिकित्सा शिविर आयोजित करना, पॉलीहाउस बनाना और आधारभूत ढांचे में सुधार लाना शामिल है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


CMYK

# डा. आदित्य ने किया मूलचंद चौहान को सम्मानित

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन में दिखा एकता, संस्कृति और समर्पण का अनूठा संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में वैश्य समाज की एकता, संस्कृति और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से कार्तिकेय गार्डन, विनायक मंडप में एक शाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, सेवा और सहयोग का मार्ग दिखाया। इस दौरान डा. आदित्य अग्रवाल ने पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार पर लगाम कसी हुई थी। इस दौरान उन्होंने पूर्व राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर वैश्य एकता का संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का एक रुपए और एक ईंट का सिद्धांत हमें बताता है कि समाज की प्रगति आपसी भाईचारे से ही संभव है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने व्यापार, शिक्षा और समाजसेवा में हमेशा मिसाल कायम की है और आज भी युवा वर्ग को उस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।

इसके बाद मंच पर बच्चों ने ग्रुप डांस, डांडिया डांस, भक्ति गीत, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। मेधावी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल उत्साह और प्रेरणा से भर उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर एक्ट, जिसमें सामाजिक संदेश के साथ देशभक्ति की झलक देखने को मिली।

इस प्रस्तुति में पीहू मित्तल, आकृति जैन, आराध्या अग्रवाल, सिद्धि जैन, आर्य गर्ग, दिया मित्तल, वेद मित्तल, प्रणव जैन, कार्तिक मित्तल, देव मित्तल, रेयांश मित्तल, शौर्य मित्तल, अंशी अग्रवाल, अव्यय अग्रवाल, अयांश अग्रवाल, वेदांत गुप्ता, बिहान गुप्ता, अयांश गोयल, शिवाय अग्रवाल, अनेक अग्रवाल, अनन्या जैन, अरुण जैन, तनुज जैन समेत कई बच्चों ने शानदार अभिनय से समां बांधा। वंदना प्रस्तुति आराध्य मित्तल, दिया मित्तल और सिद्धि जैन ने की, जिसने कार्यक्रम की शुरुआत को आध्यात्मिक बना दिया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिलाओं ने विशेष प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी।

मोनिका अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, प्रिया गर्ग, अनुपमा मित्तल, अन्या गुप्ता और श्वेता मित्तल ने मंच संभाला। इनके साथ सहयोग में अदिति अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल, श्रुति जैन, छवि जैन, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, नेहा गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, श्वेता मित्तल, अनु मित्तल, प्रया गर्ग, अनुजा गुप्ता और नैंसी जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश चद्र नवीन, मनोज अग्रवाल, मुदित बंसल, मुकेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजीव जैन, अंकुर अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, अविनाश गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, राहुल महंत, अरुण मित्तल, सौरभ गुप्ता, मनीष गर्ग, पराग अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अनिल मित्तल, अंकुर गोयल, नमन जैन, सचिन अग्रवाल, डॉ. अमित गुप्ता, पीयूष महेंद्र, अनिल कटका, सुशील शीलू, डॉ. पंकज अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, मुदित गुप्ता, सागर अग्रवाल, पुलकित मित्तल, आर्थिक गुप्ता, दीपक अग्रवाल, मंजेंद्र गुप्ता, पीयूष रस्तोगी, नीरव रस्तोगी, सचिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।


## भाकियू का सीएम को पोस्ट कार्ड लिखने का आह्वान

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक में थाने की समस्या को लेकर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में किसानों की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों ने थाने से सम्बंधित समस्याएं रखी।

ब्लाक में किसानों की पंचायत की खबर मिलते ही सीओ अंजनी कुमार और थाना इंचार्ज प्रवेज कुमार किसानों के बीच पहुंचे और उन्होंने किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। वार्ता में सभी विषयों पर सहमति बनी और उन्होंने जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। जिलाध्यक्ष ने किसानों से आह्वान किया कि बिजनौर में गंगा एक्सप्रेस-वे निकाले जाने को लेकर मुख्यमंत्री को पोस्ट कार्ड भेजे। पोस्टकार्ड पर गंगा एक्सप्रेस वे की मांग के साथ गन्ने के दामों में वृद्धि की मांग भी करें। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि उत्तराखंड से सबसे पहले गंगा बिजनौर आती है। गंगा एक्सप्रेस वे पर बिजनौर के लोगों का हक है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पोस्ट कार्ड भेजे और अपने आसपास के डाकघर से अधिक से अधिक पोस्टकार्ड खरीदे।

### एक नजर

## बाइक सवार ने वृद्ध को रौंदा



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम उद्धोवाला निवासी बलवीर सिंह (65 वर्ष) पुत्र निहाल सिंह अपने घर के समाने राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर खड़ा था। कासमपुरगढ़ी की ओर से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे गिरकर वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डा. मोहित कुमार द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि बलवीर सिंह ने अपनी 30 बीघा कृषि भूमि अपने पुत्र राहुल के नाम कर दी थी। कुछ समय बाद ही उसका पुत्र और पत्नी उससे अलग रहने लगे थे। बलवीर सिंह दूसरे किसानों के खेतों में मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था।

## आरोपी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

**धामपुर।** सांसद चंद्रशेखर आजाद को व्हाट्सएप पर कथित धमकी देने के मामले में आरोपी नितीश अग्रवाल उर्फ सोना पांडेय को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ की जा रही दंडात्मक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया। बिजनौर निवासी नितीश अग्रवाल के खिलाफ धामपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप में सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ धमकी भरे और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किए थे। मामले में ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेकर आरोपी को समन जारी किया, जिसके बाद नितीश अग्रवाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दायर कर पूरी कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की। आवेदक की ओर से अधिवक्ता प्रशांत चौहान ने दलील दी कि यह अपराध दो वर्ष से कम सजा वाला, जमानती और गैर-संज्ञेय है। आरोपित की टिप्पणी से समाज में वैमनस्य फैलने का कोई ठोस सबूत नहीं है, इसलिए मुकदमे की कार्यवाही निरस्त की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने मामले को सुनवाई योग्य मानते हुए राज्य सरकार (प्रतिवादी संख्या-2) को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई की तारीख 30 अक्तूबर 2025 तय की है। अधिवक्ता प्रशांत चौहान ने बताया कि तब तक के लिए अदालत ने नितीश अग्रवाल के खिलाफ चल रही दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है।

## समाजसेवी व पत्रकार के वालिद का इंतकाल



**अफजलगढ़।** मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी व पत्रकार मुशर्रफ अली के वालिद व गुजरे दो दशक पूर्व कन्फेक्शनरी व्यापारी व नमकीन निर्माता मौहम्मद अकबर सिद्दीकी का 108 वर्ष की उम्र में इंतकाल हो गया। वह काफी समय से गुर्दा रोग से पीड़ित थे। तबीयत बिगड़ने पर एक सप्ताह पूर्व उन्हें काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गुर्दा एवं लीवर फेल हो जाने के कारण उनकी यूरिन बैग भी चोक हो गया था, जिसके चलते मंगलवार की प्रातः उनका इंतकाल हो गया। उनके मौत की खबर मिलते ही परिजनों व रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। बाद नमाज ए असर जनाजा उनको सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके जनाजा में नगर वासियों, रिश्तेदारों व पत्रकारों आदि ने भारी संख्या में शिरकत की।

## बिजली के तारों से पेड़ में लगी आग

**नहटौर।** ईदगाह रोड पर बीती रात बिजली के तारों से पेड़ में आग लग लग गई, जिसके बाद मौहल्ले की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। आग लगने के दौरान बुनकर मजदूर विकास समिति के प्रदेश महासचिव रब्बानी अंसारी ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग बुझने पर मौहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली।

## भाकियू का कार्यकर्ता सम्मेलन



**बढ़ापुर।** भारतीय किसान यूनियन अनंत का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बढ़ापुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के बावजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जो किसानों की एकता और दृढ़ संकल्प का जीवंत उदाहरण बना। वक्ताओं ने सम्मेलन में एकजुटता का मजबूत संदेश दिया, जिसने पूरे क्षेत्र में किसान आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की है। सम्मेलन के समापन के बाद भाकियू अनंत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नौशाद सिद्दिकी एवं किसान नेत्री निधि शर्मा ने संयुक्त रूप से बढ़ापुर में किसान सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करने वाले प्रमुख वक्ताओं में इमरान नवाज, निधि शर्मा, असद सुल्तान, सरदार दौलत सिंह, खुशनुदा, गुड्डू कुरैशी, अदनान अंसारी, मौलाना मन्नान, फारूक मिकरानी, नईम अहमद, मौहम्मद अलीम, नफीस अंसारी, नाजिम सागर, रफीक अहमद, अर्पित गोयल, ललित मोहन वर्मा, इंतिखाब अल्वी, मौहम्मद शादाब, मौहम्मद सद्दाम, मौहम्मद साजिद आदि शामिल थे। इन वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा की और एक स्वर में सरकार से न्याय की मांग की। वक्ताओं ने विशेष रूप से भाकियू अनंत के 'किसानों के द्वार' मिशन पर जोर दिया।

## नुकसान के पैसे मांगने पर मारपीट

**नहटौर।** ग्राम सदरूद्दीननगर निवासी दीपा सैनी ने कहा है कि उसके पति की मृत्यु होने के बाद वह किराए पर सेट्रिंग लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। कुछ समय पूर्व गांव सिजौली के निगम व दीपक के यहां उसका सेट्रिंग का सामान गया था। गलत दिशा-निर्देशों के व बीच में बीम न डालने की वजह से लिंटर डालते समय गिर गया, जिससे उसका करीब दो लाख रुपए का नुकसान हो गया। कुछ व्यक्तियों ने 40 हजार में समझौता करा दिया। 10 दिन बाद जब उसने समझौते में तय हुए पैसे मांगे तो उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हुए धक्का देकर अपमानित किया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दो साल की बच्ची की इज्जत का लुटेरा संदीप सैनी गिरफ्तार

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने सराहनीय काम करते हुए दो साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर उसकी इज्जत लूटने के आरोपी संदीप सैनी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। दरिंदे के पास से हथियार भी बरामद किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिया द्वारा पांच अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी गई कि संदीप सैनी पुत्र चंद्रपाल निवासी मौहल्ला बसंती माता द्वारा अपने घर के बाहर खेल रही वादिया की दो वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया गया। साथ ही उसके साथ गलत काम किया गया। इस संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 349/25 धारा 137 (2) व 65 (2) बीएनएस एवं 5एम/6 पॉक्सो अधिनियम में पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इस बीच बीती रात पुलिस टीम द्वारा घटना से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के पश्चात पूछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही पर घटना से संबंधित कुछ वस्तुएं आदि बरामद करने हेतु रात करीब

## अभियुक्त से हथियार बरामद

22.35 बजे अभियुक्त को उसके बताये गये स्थान समीपुर रेलवे कॉसिंग के पास खंडरनुमा मकान पर ले जाया गया था। जहां पर अभियुक्त द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से छिपाये गये 12 बोर के तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त संदीप के बायें पैर में गोली लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी समीपुर में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व कारतूस बरामद किये गये। घटना के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 350/25 धारा 109 (1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम संदीप उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उप निरीक्षक विनोद कुमार आदि शामिल थे।

### एक नजर

## सड़क पर घूम रहे गुलदार, वीडियो वायरल

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम हमीदपुर निवासी पूर्व प्रधान मौहम्मद शाकिर अपने साथियों के साथ कार से सुबह करीब पांच बजे इस रास्ते से जा रहे थे। बताया जाता है कि गांव अकबरपुर व हमीदपुर के रास्ते पर सड़क पर दो गुलदार बैठे हुए दिखाई दिए। उन्होंने वीडियो बना लिया। 46 सेकंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के साथ लोगों से इस रास्ते से सतर्कता पूर्ण निकलने की अपील भी की गई है। गुलदार दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में गुलदार अक्सर दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने जानकारी से इंकार किया है। उन्होंने जानकारी कराकर कार्रवाई की बात कही है।

## कोड़ीपुरा में आध्यात्मिक सत्संग



**धामपुर।** ग्राम कोड़ीपुरा में आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। परम्पिता परमेश्वर आध्यात्मिक सत्संग भजन कीर्तन सोसाइटी की ओर से आयोजित विशाल सत्संग में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। संस्था के अध्यक्ष विपिन कुमार प्रजापति, जो हिन्दू राष्ट्र सेना के जिलाध्यक्ष भी हैं, ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल भक्ति का नहीं बल्कि समाज को नशे और कुरीतियों से मुक्त करने का संदेश देने का माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंकर राणा सुपुत्र विधायक अशोक राणा ने कहा कि धर्म, पर्यावरण और समाज तीनों एक-दूसरे से जुड़े हैं। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो वही हमें जीवन देगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता पर जोर दिया। अवनीश चौहान, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा (भाजपा) ने कहा कि धरती हमारी माता है और हर व्यक्ति को उसकी सेवा करनी चाहिए। राजीव सिसोदिया पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा से प्रकृति-पूजक रही है और हमें उसी परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा। परमिला देवी और नवीन कुमार राज ने भी पर्यावरण जागरूकता पर विचार रखे। नवीन कुमार ने संस्था को पौधे भेंट किए और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। सत्संग के दौरान सामूहिक भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और ग्रामीण शामिल हुए। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामवासियों ने ऐसे आयोजन निरंतर करने की अपील की, ताकि गांवों में धर्म, पर्यावरण और सामाजिक सद्भाव का संदेश फैलता रहे।



बहुजन समाज पार्टी, वामसेफ व डीएस 4 के संस्थापक मा. कांशीराम साहब जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लखनऊ में कांशीराम स्मारक स्थल पर नौ अक्टूबर को सुबह दस बजे आयोजित होने जा रही महारैली में शामिल होकर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.
बहन कुमारी मायावती जी
के महत्वपूर्ण विचारों को सुनें और उनका पूरी तरह से ईमानदारी के साथ पालन करें।

राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष- बहुजन समाज पार्टी, बिजनौर

बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद! मान्यवर कांशीराम जी अमर रहे! बहन कुमार मायावती जी जिंदाबाद!




लखनऊ चलो
लखनऊ चलो
लखनऊ चलो
लखनऊ चलो
बहुजन समाज पार्टी, वामसेफ व डीएस 4 के संस्थापक
मान्यवर कांशीराम साहब जी
के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लखनऊ में कांशीराम स्मारक स्थल पर नौ अक्टूबर को सुबह दस बजे आयोजित होने जा रही महारैली में लाखों की संख्या में शामिल होकर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.
बहन कुमारी मायावती जी
के विचारों को सुनें एवं मान्यवर कांशीराम साहब के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए बहुजन समाज पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

आदिल चौधरी
पूर्व मंडल अध्यक्ष- बहुजन समाज पार्टी, मुरादाबाद

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# हल्दौर थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन



## युवती को बरामद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग युवती को एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने को लेकर ग्रामीणों व राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर उसकी बरामदगी को लेकर विरोध प्रकट कर बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जनपद अमरोहा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी है। युवक का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी एक नाबालिग युवती व कक्षा 11 वीं की छात्रा को करीब आठ दिन पूर्व युवक बहला-फुसलाकर ले गया। युवती के परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू चौधरी व प.उ.प्र. महासचिव कैलाश लांबा की अगुवाई में अनेक किसान थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह से युवती की बरामदगी को लेकर मिले। थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर हंगामा किया और थाने के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसआई सुरेंद्र सिंह से किसानों के बीच नोंकझोंक हुई। जिलाध्यक्ष व महासचिव ने कहा कि सरकार बेटियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। वहीं परिजनों द्वारा अपनी बेटियों की शिकायत करने के बावजूद पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। वार्ता विफल होने पर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया।

जिलाध्यक्ष ने 16 अक्तूबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित महापंचायत में भारी तादाद में पहुंचने का आह्वान किया। वहीं करीब दस दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव की नाबा. लिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुद्दा भी उठाया गया। किसान मांगों को लेकर अड़े हुए है। इस अवसर पर संगठन के जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, वेदप्रकाश चौधरी, राजपाल भगत, चांदपुर तहसील प्रभारी ब्रजपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह, संजीव कुमार, गोविंद कुमार, योगेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, मिली राहत

## विद्युत आपूर्ति भी बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** कस्बे व आसपास के इलाकों में कल दोपहर से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने मौसम को सुहावना कर दिया।

इस बारिश के कारण जनपद के अधिकतम तापमान में नौ डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली है। हालांकि तेज हवाओं के साथ हुई इस बारिश ने कुछ मुश्किलें भी खड़ी की है। बारिश व आंधी के दौरान कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई। जिसके चलते मंडावर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 25 घंटे तक बाधित रही। मंगलवार की सुबह भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिसने मौसम को और ठंडा कर दिया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। शाम होते-होते फिर से बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसने वातावरण में ठंडक और नमी को और बढ़ा दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस बारिश ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दी, वहीं बिजली आपूर्ति में व्यवधान के कारण दैनिक कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश और बूंदाबांदी की संभावना जताई है। जिससे तापमान में और कमी आ सकती है।

## एक नजर

### चांदपुर में खुशबू बनी उप जिलाधिकारी



**स्याऊ।** ग्राम दरबाड़ा निवासी राजेश सिंह की पुत्री खुशबू को एक दिन के लिए उप जिलाधिकारी चांदपुर बनाया गया। खुशबू ने उप जिलाधिकारी के रूप में लोगों की शिकायतें सुनी। खुशबू का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। वह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, इस्माइलपुर की छात्रा है। खुशबू पढ़ाई में होनहार होने के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। वह खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद और दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेती है। विद्यालय में उनकी उपस्थिति 95 प्रतिशत से अधिक रही है। जो एक रिकार्ड है। खुशबू को दो सप्ताह पूर्व जलीलपुर में एक दिन के लिए खंड विकास अधिकारी भी बनाया गया था।

### जीएसटी घटने से व्यापारियों को लाभ




**नूरपुर।** नगर के धामपुर रोड स्थित उत्सव गार्डन में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय जीएसटी के सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बोबी व संचालन महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य वक्ता चारटेड़ अकाउंटेंट मनोज कुमार ने बताया सरकार ने जी.एस.टी. दर घटाकर जनता को उपहार दिया है। जीएसटी घटने से व्यापारियों को लाभ पहुंचा है। मनोज कुमार ने व्यापारियों को जी.एस.टी. सम्बन्धित अनेक बिन्दुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामंत्री सुधीर चौहान, नगर पालिका चेयरमैन एमपी सिंह, डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, जीतू भुईयार, प्रेमपाल रवि, प्रमोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, मंडल मंत्री, सुरेंद्र पाल, राहुल यादव, राजेश चौहान, सतीश कुमार, गोहाबर मंडल अध्यक्ष, विनय चौहान, मोरना, मंडल अध्यक्ष सुरेश सैनी, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान पाल, मुकेश भुइयार, शीला राणा, अंकित जोशी, धर्मेंद्र जोशी, प्रणय मनु, जागेश शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी उपस्थित रहे।

### बोतलों से बनाए फूलदान व गमले



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में महर्षि वाल्मिकी जयंती के उपलक्ष्य में कोल्ड-ड्रिंक की खाली-अनुपयोगी बोतलों से फूलदान व गमला बनाने की प्रतियोगिता स्थानीय केपीएस इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें 83 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केपीएस इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता गुप्ता जी रहीं तो वहीं कार्यक्रम में श्रीमती अंजू शर्मा (जीजीआईसी), कु. प्रगति, श्रीमती सत्यवती, कु. गोल्डी, कु. संजना निर्णायक की भूमिका में रहे। बच्चों ने इतनी सुंदर कलाकृतियां बनायीं कि सब देखते ही रह गए। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तब हम भी सुरक्षित हो सकते हैं, जैसे हर घर मैं पौधे लगाने। यद्यपि पौधे लगाने की हर व्यक्ति के घर जगह नहीं होती तो कोल्ड ड्रिंक की अनुपयोगी बोतलों से, हम गमले बना सकते हैं जिसमें पौधे लगाकर टांग सकते हैं, जिससे जगह भी खर्च नहीं होती और पौधा भी लग जाता है। इसके अलावा हम बोतलों को नाली में फेंकते हैं, कूड़े में डालते हैं या उसे जलाते हैं, उससे प्रदूषण होता है जो पर्यावरण को बहुत नुकसान देता है। अन्य भी छोटी-छोटी बातें उन्होंने बतायीं। उन्होंने बताया कि यह इस सीरीज की पहली प्रतियोगिता थी। दूसरी प्रतियोगिता जल्दी ही आयोजित की जाएगी। जो बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं, उन सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। आज की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 65 बच्चे केपीएस इंटर कॉलेज के और अन्य जीजीआईसी के हैं। आज प्रथम स्थान सिद्धांशी, द्वितीय स्थान सना एवं तृतीय स्थान कामिनी ने प्राप्त किया। जबकि इकरा के प्रयास को एक्सीलेंट का इनाम मिला। इल्मा परवीन, रहनुमा परवीन, जाह्नवी, नशरा सिद्दीकी, अलफिजा, त्रिशिका, जिया सैनी, आयुषी, दीपिका, ईशा, वंदना कुमारी, राधिका, भूमिका, प्रियंका, ऋषिका गंगोत्री, इकरा आदि ऐसे बहुत सारे बच्चे हैं जिनके प्रयासों को भी सराहना मिली। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु, संस्थान द्वारा किए जा रहे, इस कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

# धामपुर में तीस घंटों से विद्युत आपूर्ति ठप

## विद्युत अभियंताओं ने बंद किए मोबाइल, जनता परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर की दुर्गा विहार कॉलोनी एवं नई सराय सहित एक बड़े हिस्से में पिछले लगभग तीस घंटों से विद्युत आपूर्ति ठप है और फिलहाल हालात ऐसे नहीं है कि अगले 12 घंटे तक भी विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाएगी।

गंभीर बात यह है कि लाइन में फाल्ट सही कराने की बजाए अभियंताओं व कर्मचारियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए है। जनता को उसके हाल पर ही छोड़ दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल दोपहर बाद जब आंधी के साथ बारिश आई थी, तो धामपुर में एसडीएम कोर्ट के समीप विद्युत लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गया था। कई अन्य जगह भी फाल्ट हो गए थे। बारिश की वजह से कर्मचारी न तो लाइन के ऊपर से पेड़ हटा पाए थे और न ही टूटे हुए खंभे बदल पाए थे। रात भर विद्युत आपूर्ति ठप रही। जनता ने जैसे-तैसे खराब मौसम के बीच रात काटी। जनता पानी के लिए तरस गई। मोबाइल व इंनवर्टर भी ठप हो गए। उम्मीद जगी थी कि मौसम साफ होने की वजह से दोपहर तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी। लेकिन देर रात समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी और अभियंताओं व कर्मचारियों ने अपने-अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए थे। ताकि वह परेशान जनता को जवाब देने से बच सके। धामपुर के एक हिस्से एवं आसपास के गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप होने से सरकार की नकारा व्यवस्था का पता चल रहा है।

दूसरी तरफ जनपद मुख्यालय पर भी विद्युत आपूर्ति लड़खड़ा गई है। बार-बार विद्युत आपूर्ति ठप होने की वजह से मुख्यालय की जनता एवं व्यापारी भी परेशान दिखाई दिए।

# गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर अनशन

## राहुल वर्मा व शमशाद अंसारी ने उठाई मजबूत आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से निकाले जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में एक दिन का अनशन किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार व्यापारी एकता परिषद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर एक दिन के लिए कलेक्ट्रेट में अनशन किया गया। अनशन पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी, जिला अध्यक्ष मानव शर्मा, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद अंसारी एवं नगर अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद बैठे। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर महात्मा विदुर की पावन धरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषणा की गई थी कि गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण प्रयागराज से मेरठ के लिए किया जा रहा है। इसे बिजनौर से हरिद्वार गंगा एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगा। प्रदर्शन करने वालों की मांग की कि गंगा एक्सप्रेस वे का विस्तार करते हुए इसे अमरोहा के तिगरी घाट से होकर जनपद बिजनौर के विदुर कुटी, बैराज, बालावाली, नांगल सोती होते हुए हरिद्वार तक ले जाया जाए। जिससे बिजनौर में विकास होगा और सभी वर्गों को इसका फायदा पहुंचेगा। व्यापारियों सहित हर वर्ग को इसका फायदा पहुंचेगा और महात्मा विदुर की धरती पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही धार्मिक स्थली हरिद्वार पहुंचने में भी कम वक्त लगेगा। श्रद्धालुओं को इससे फायदा होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए वह बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। आवश्यकता पड़ी तो आगे भी अनशन व प्रदर्शन भी किया जाएगा। अगर इसके बाद भी गंगा एक्सप्रेस वे नहीं मिलता है, तो संगठन के पदाधिकारी जनपद के अन्य संगठनों की सहायता से लखनऊ के लिए कूच करेंगे।

इस बीच अनशन को कई सामाजिक संस्थानों व संगठनों ने समर्थन दिया। जिसमें मानव अधिकार वैलफेयर संगठन, रिक्शा चालक एसोसिएशन, अटेवा पेंशन बचाओ मंच, पूर्व सर्विस मैन एसोसिएशन, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास, नगर कल्याण समिति, शिव सेना, युवा सेना, जिला आर्य प्रतिनिधि सभा, डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का समर्थन पत्र अनशन कर रहे व्यापरियों को मिला। शाम को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने सभी अनशन पर बैठे पदाधिकारियों को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया।

# कुलदेवता स्थल को लेकर खटीक समाज लामबंद

## लेखपाल व प्रधान पति को मौके का कराया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भनेड़ा में खटीक समाज के कुल देवता एवं हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल की सुरक्षा एवं सौंदर्यकरण का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

हर वर्ष खटीक समाज के सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पर एकत्रित होकर अपने कुलदेवता की पूजा अर्चना करते है। मगर कुलदेवता स्थल की भूमि पर जल भराव की स्थिति होने के कारण समाज को भंडारा आदि कार्यक्रम करने में व्यवधान उत्पन्न होता है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए कुल देवता के स्थान का सौंदर्यकरण और समतलीयकरण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। किंतु तहसीन पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी ग्राम बसेड़ा नुकसान पहुंचाने की गरज से व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। वह कुलदेवता की भूमि का अवैध रूप से बैनामा अपने नाम करने की फिराक में है। जिसकी वजह से आज खटीक समाज के सैकड़ों लोग कुल देवता पर एकत्रित हुए। उन्होंने इस पर रोष व्यक्त किया और स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर हमारे कुल देवता की भूमि का यदि किसी ने अवैध बैनामा करने का प्रयास किया, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे । मौके पर ग्राम प्रधान पति कैलाश, हल्का लेखपाल दिव्य प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर खटीक समाज कुलदेवता समिति के अध्यक्ष चंदशेखर खटीक, खटीक समाज के जिला अध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया, महामंत्री राजू खटीक, फूल सिंह खटीक, विशंभर सिंह खटीक, फकीरा खटीक, नरेंद्र खटीक, सुभाष खटीक, नरेश खटीक, रामकुमार खटीक, राजेंद्र सिंह खटीक, रामगोपाल खटीक, कालू खटीक, इंद्रपाल खटीक व जगदीश खटीक आदि मौजूद रहे ।



# शिव मंदिर में सनातन सत्संग का एक दिवसीय कार्यक्रम 12 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** 12 अक्टूबर को सत सनातन मिशन के तत्वाधान में एक दिवसीय विशाल क्षेत्रीय सनातन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए मौहल्ला सरायरफी (विवेकनगर) निवासी सत सनातन मिशन के केंद्रीय ज्ञानाचार्य चंद्र सिंह सनातन ने बताया कि यह कार्यक्रम शिव मंदिर के प्रांगण में होगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम मिशन के सतगुरु बाबा सनातन जी महाराज की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। जिसके लिए सत्संग कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सत्संग को सफल बनाने के लिए बिजनौर जिला के जिला प्रमुख राजीव चौधरी, समाजसेवी बंटी एवं डा. अमित शर्मा का विशेष योगदान है। श्री चंद्र सिंह ने बताया कि मिशन हर जिला कस्बा में अपना ब्रांच खोलेगा और योग्य व्यक्ति को ब्रांच की सेवा की जिम्मेदारी सौंपेगा, ताकि संसार में विश्वबंधुत्व और मानवता स्थापित हो सके और मानव मानव बनकर रह सके।

सत सनातन मिशन व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक हर प्रकार से उत्थान करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मिशन हर वर्ग के व्यक्ति को जोड़कर मानवता का गुलदस्ता सजा रहा है। यहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है। हर इंसान सद्गुरु के चरणों में आकर प्रभु परमात्मा निराकार को जानकर भक्ति कर सकता है।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप



## निर्माण के अगले दिन ही उखड़ने लगी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत आजमपुर गाजी में ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी खजाने को पलीता लगाए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया और कार्यवाही की मांग की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम महावतपुर बिल्लौच के मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है, जो कि ग्राम इस्सेपुर से आजमपुर गाजी तक सड़क निर्माण का कार्य सोमवार को किया, लेकिन सड़क निर्माण के अगले ही दिन सड़क उखड़कर टूटने लगी। आसपास के लोगों ने पी डब्लू डी विभाग एवं ठेकेदार पर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने एवं अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान आजमपुर गाजी मुस्तकीम मलिक ने बताया कि यह मार्ग लगभग आठ वर्ष पूर्व बनाया गया था और उसके बाद आठ वर्ष बाद सोमवार को सड़क निर्माण कार्य किया गया। पी डब्लू डी विभाग द्वारा बनाए गए सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि सोमवार को सड़क निर्माण कार्य किया गया और अगले दिन मंगलवार को सड़क टूटने लगी। जिससे ग्रामीणों में पी डब्लू डी विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने ठेकेदार एवं पी डब्लू डी विभाग पर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने एवं सरकारी खजाने का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही का मांग की है। इस दौरान ग्राम आजमपुर गाजी ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक, कल्लू सिंह, विक्रम सिंह, जसविंदर फौजी, रघुनाथ, अजय, अरमान, शमीम, साकिर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस सम्बंध में अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सारस्वत से फोन द्वारा सम्पर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि शनिवार से सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। लेकिन सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान अचानक वर्षा हो जाने से पानी की वजह से सड़क की कंक्रीट उखड़ गई। जिसको लेकर ठेकेदार एवं आला अधिकारियों को अवगत कराया और टूटी सड़क को पुन: ठीक करा दिया जाएगा।

# वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र पर कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ के द्वारा एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक विभिन्न आयोजित कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में समापन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ समारोह का शुभारम्भ हुआ।

वन्यप्राणी सप्ताह के दौरान जागरूकता रैली, गांधी एवं शास्त्री जयन्ती, स्वच्छता अभियान, हाथी सेवा पर्व, चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, हाथी दिवस, रामगंगा कैचमैन्ट क्षेत्र में सफाई कार्य, स्टाफ व प्रशिक्षुओं के मध्य बॉलीबॉल मैच, क्वीज प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में नौशाद अहमद प्रथम, कुमारी अलंकृत रावत, द्वितीय ठाकुर कृष्णा कुमार, तृतीय चित्रकला सीनियर वर्ग में प्रथम कुमारी साक्षी, द्वितीय कुमारी आक. शा, तृतीय कुमारी पल्लवी, निबंध प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम कुमारी कशिश चौहान, द्वितीय कुमारी महक नाज, तृतीय कुमारी मनतशा, निबन्ध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम कुमारी अर्पिता सक्सैना, द्वितीय कुमारी साक्षी, तृतीय कुमारी चारूल राठौर, क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम शौय शर्मा, द्वितीय हर्षित, तृतीय कुमारी पल्लवी, वाद विवाद प्रतियोगिता पक्ष में प्रथम हर्षित, द्वितीय कुमारी चारूल राठौर, तृतीय शौर्य शर्मा, वाद विवाद प्रतियोगिता विपक्ष में प्रथम कुमारी साक्षी, द्वितीय कुमारी सोना, तृतीय कुमारी शरमीन रहे। कॉर्बेट बिन्दर पाल उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम में नन्दकिशोर रूबाली वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़, इण्टरमीडियेट कालेज के प्रबन्धक प्रीतम सिंह रौतेला, प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार, श्रीमती पूजा अध्यापिका, आयुष कुमार, अमित सिंह, प्रशिक्षु वन आरक्षी, देवेन्द्र फार्मेसिस्ट, मीडियाकर्मी वेदपाल सिंह, इरशाद अहमद, संकाय सदस्य सत्येन्द्र कुमार गुसाई द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण विषय पर अपने विचार व्यक्त किये गये। अतिथियों का स्वागत इन्द्र सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी, प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रीतम सिंह रौतेला प्रबन्धक, डॉ. सतीश कुमार प्रधानाचार्य, श्रीमती पूजा अध्यापिका इण्टर कालेज कालागढ़, अरुण कुमार प्रबन्धक, एसबीआई, देवेन्द्र फार्मेसिस्ट, मीडियाकर्मी वेदपाल सिंह, इरशाद अहमद, संकाय सदस्य सत्येन्द्र कुमार गुसांई, केएस रावत पीटीआई, कुमारी दीपिका, कुमारी प्रियांशी रावत, अध्यापिका ओम इण्टर कालेज, अजय विश्नोई, सोबन लाल वर्मा, दीपक मैन्दौला, कार्यालय प्रभारी सुनील कुमार सहित प्रशिक्षण केन्द्र के स्टाफ एवं प्रशिक्षु वन आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विवेक कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान के अंतर्गत विवेक कॉलेज बिजनौर में आयोजित महिला जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय धर्मनगरी बिजनौर की छात्राओं ने बाल विवाह की थीम पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सन्देश दिया कि कम उम्र में बालिकाओं का विवाह करना एक अभिशाप है, आज समाज में बदलाव की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जादूगर द्वारा जादू शो के माध्यम से शासकीय योजना एवं कार्य कर्मों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की जिलाधिकारी एवं अन्य महिला अधिकारियों द्वारा महिलाओं की गोद भराई एवं शिशुओं को अन्नप्राशन भी कराया गया। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं के साथ विधिक जागरूकता अभियान के तहत आयोजन कर महिलाओं वाले गांव एवं बच्चों के अधिकारों एवं कानूनों के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा महिला सशक्तिकरण, स्वलांबन एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी व आईसीडीएस विभाग, एनआरअलएम विभाग, हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम, वन स्टॉप सेंटर टीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# व्यापारियों ने जीएसटी दरें घटने पर जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** घटी जीएसटी मिला उपहार - धन्यवाद मोदी सरकार के नारे साथ उत्साहपूर्वक सरकार का धन्यवाद करते हुए व्यापारियों व भाजपाइयों ने जन जगरूपता करने का निर्णय लिया।

विधानसभा नगीना में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म के निमित्त पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के नए सुधार से व्यापार जगत में पारदर्शिता और सरलता लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान द्वारा कार्यकर्ताओं को बताया कि हाल ही में घटाई गई जीएसटी दरें न केवल व्यापारियों के लिए राहत का संदेश हैं, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत की सच्ची झलक भी प्रस्तुत करती हैं। सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एड. धर्मेंद्र शौन द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ संवाद कर सरकार द्वारा किये गए जीएसटी सुधारों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई एवं उनसे आग्रह किया गया कि मोदी सरकार द्वारा जनहित में जीएसटी दरों के कम होने पर जनता को बतायें। वक्ताओं ने लोगो से स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को खरीदने और बेचने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल व संचालन निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई द्वारा किया गया। सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# योगी सरकार में स्कूल राम भरोसे

## कंपोजिट विद्यालय पतियापाड़ा तीन माह से बंद






**आफताब आलम**

**स्याऊ।** योगी सरकार में शिक्षा व्यवस्था का स्तर कितना गिर गया है और अधिकारी कितने गंभीर है, इसका अंदाजा चांदपुर के कम्पोजिट विद्यालय की हालत को देख कर लगाया जा सकता है। अधिकारियों को न तो सरकार की छवि की चिंता है और न ही बच्चों के भविष्य की।

गौरतलब है कि चांदपुर के मौहल्ला पतियापाड़ा में कंपोजिट विद्यालय में तीन माह से न तो कोई शिक्षक है और न ही प्रधानाचार्य तैनात है। जिससे अभिभावकों को इस विद्यालय में अध्यनरत अपने बच्चों की भविष्य की चिंता सता रही है। तीन माह से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है। अभिभावक लगातार आवाज उठा रहे है और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस तरफ ध्यान देने का अनुरोध कर रहे है। लेकिन कोई भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि यह गंभीर विषय है। इससे सरकार की पूरी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है। स्थानीय निवासी चांद हाशमी ने बताया कि उनकी दो बेटियां कंपोजिट विद्यालय पतियापाड़ा में पढ़ रही है। बड़ी बेटी वलिया कक्षा पांच में पढ़ रही है। जबकि दूसरी बेटी माहिरा कक्षा एक में पढ़ रही है। चांद हाशमी ने बताया कि तीन महीने गुजर चुके हैं और विद्यालय में पढ़ाई नहीं हो रही है। तीन माह से विद्यालय में न ही कोई शिक्षक है और न ही प्रधानाध्यापक है। ऐसी ही चिंता अन्य अभिभावकों की भी है। उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी यहां पर शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर रहे है। ऐसा नहीं है कि मामला उनके संज्ञान में न हो। सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे है। उन्हें यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। यहां पर ज्यादातर बच्चे सामान्य परिवारों के पढ़ते है। पूंजीपतियों व अमीरजादों के बच्चे अगर यहां पर पढ़ते हुए होते, तो जरूर स्टाफ तैनात कर दिया गया होता।

इस संबंध में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। कुछ शिक्षक सस्पेंड हुए थे। उसी के बाद से अभी तक विद्यालय में स्टाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों के भविष्य की चिंता है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी से बात हुई थी और जल्द ही विद्यालय में शिक्षक और प्रधानाचार्य की व्यवस्था कराई जाएगी।

## एक नजर

### कब्रिस्तान की भूमि पर चल रही आरा मशीन सील



**बिजनौर।** तहसील प्रशासन ने कब्रिस्तान भूमि पर अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को सील कर दिया है। तहसील प्रशासन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। बुलडोजर के साथ तहसील प्रशासन को देखकर हड़कंप मच गया। काफी लोग मौके पर जमा हो गए। परगना, तहसील व जिला बिजनौर क्षेत्र के गाटा संख्या 3509, जो राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के नाम दर्ज भूमि है। शिकायतकर्ता ने कब्रिस्तान भूमि पर अवैध अतिक्रमण और आरा मशीन चलाए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर तहसीलदार आशीष सक्सेना, नायब तहसीलदार सार्थक चावला, कानूनगो नरेश चावला, लेखपाल रजत चौधरी, ऋषभ सिंह, नपा के सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी और पुलिस की संयुक्त टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। बुलडोजर के साथ टीम को देखकर हड़कंप मच गया। टीम ने शिकायत के आधार पर स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम ने पाया कि कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से आरा मशीन संचालित की जा रही थी। मौके पर मौजूद मशीन को टीम द्वारा तत्काल सील कर दिया गया।

### 2027 में बनेगी सपा सरकार: सालिम



**अफजलगढ़।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला सचिव यूथ ब्रिगेड मौहम्मद सालिम ने कहा कि आगामी 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की साइकिल तेजी से दौडेगी। कार्यकर्ता लोगों से मिलकर सपा की नीतियों और अखिलेश यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे है। उनके द्वारा युवाओं को सपा से लगातार जुड़ना ही इस बात को प्रमाणित करता है कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में अब और अधिक मजबूत होती जा रही है। उन्होंने बताया कि अब समय आ गया कि हम सबको मिलकर एक मंच पर आना है और विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सर्व समाज के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और अपने मुखिया के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। ताकि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनने वाली सरकार द्वारा प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके तथा प्रदेश में भारतीय संविधान के अनुरूप सर्व समाज को सम्मान मिले।

### माता रानी की चौकी सजाई



**नजीबाबाद।** प्रजापति युवा संगठन द्वारा शारदीय नवरात्रों की चौदस पर में मौहल्ला मकबरा स्थित प्रजापति धर्मशाला में माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम ऑर्गेनाइजर कपिल कुमार द्वारा माता रानी का भव्य तथा सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से माता की पूजा अर्चना कराई गयी, जिसके बाद माता की ज्योत प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। हिमांशु, अनुप और राहुल आदि द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों से माता रानी व अन्य देवी - देवताओं का गुणगान किया। शशांक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों से कार्यक्रम में संगीत दिया गया। कलाकारों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुंदर विद्युत साज सज्जा कराई गई। आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दरबार के समक्ष मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, सागर कुमार, प्रदीप कुमार, विपिन कश्यप, तरुण प्रजापति, दिनेश, ऋषभ, अंकित, आदित्य, रोहित, आयुष, नितिन, शानू, अभिनव एडवोकेट, हर्ष, तुषार आदि रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**नजीबाबाद।** आज सुबह कोतवाली देहात मार्ग पर स्थित ग्राम सरवनपुर के निकट देहरादून से टनकपुर जा रही रोडवेज बस खराब हो गई थी । खराब खड़ी बस में पीछे से बाइक सवार 18 वर्षीय जुनैद पुत्र बिशारत अली निवासी ग्राम हिंदूपुर ने टक्कर मारी दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जायजा लिया और कार्यवाही में जुट गई। मृतक नजीबाबाद से ट्यूशन पढ़कर वापस अपने घर जा रहा था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पीएम के लिए मना कर दिया और बिना कार्यवाही किए शव को अपने साथ ले गए। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# अनियंत्रित कार की डिवाइडर से टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे स्थित एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए विद्युत पोल से टकरा गई, जिससे कार सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक और एक अन्य व्यक्ति एयरबैग खुलने से सुरक्षित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नैनीगांडा थाना धूमाकोट निवासी अशोक रावत, सुनील रावत और अनिता रावत बीती देर रात रामनगर से लौट रहे थे। कार



## महिला गंभीर रूप से घायल

चालक अशोक रावत ने बताया कि रामनगर से लौटते समय रामसहायवाला चुंगी के नजदीक एक 16 टायर ट्रक ने अचानक कट मार दिया, जिससे कार अनियंत्रित हो गई और दुर्घटना घट गई। घायल महिला अनिता रावत को मौके पर मौजूद लोगों ने अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उन्हें हायर सेंटर ले गए।

पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कार को हाईवे से हटवाया।

# अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के विक्की हल्दुवा अध्यक्ष व आकाश दीप महामंत्री बने

## 16 नवम्बर को आयोजित होगा जनपद के मेधावियों का सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष रामनाथ सिंह की अध्यक्षता एवं प्रवक्ता चंद्रहास सिंह के संचालन में सिंचाई विभाग में स्थित फिल्ड हॉस्टल में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा। समिति बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं अन्य महापुरुषों के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए जनपद के मेधावियों को सम्मानित कर छात्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मकता उत्पन्न करने का कार्य कर रही है। वर्ष 2025 को ऐसे मेधावी जिन्होंने हाईस्कूल 70%, इंटरमीडिएट 70%, स्नातक एवं स्नातकोत्तर 60% से उत्तीर्ण की हो। साथ ही जिन छात्रों ने एमबीबीएस, एमएस, पीएचडी, नेट,



जीआरएफ एवं पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की हो उन्हें 16 नवंबर को 23वां सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सर्व समिति से विक्की हल्दुवा को अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आकाश दीप को महामंत्री, देवेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता चंद्रहास सिंह को मनोनीत किया गया।

बैठक में समिति संस्थापक वरिष्ठ सदस्य जयराम सिंह, तेजपाल सिंह, उमेश कुमार एवं परवेन्द्र रायसान, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जनजाति महासंघ के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र के राव, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. रामकुमार, जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, जिला महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, चंदू सिंह, राजेश कुमार रवि, सुरेश कुमार भारती, संजय कुमार, चरण सिंह, सुदेश चंद्रयाल, वीरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, रमाशंकर, सत्यपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, नाहर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# 26 घंटे बाद सुचारू हुई विद्युतापूर्ति

**कोतवाली देहात।** सोमवार को आई आंधी और बारिश के बाद शादीपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 27 गांव की विद्युत आपूर्ति लगभग 26 घंटे तक ठप रही। मंगलवार शाम पांच बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई। सोमवार दोपहर को आंधी और बारिश के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। इस दौरान विद्युत लाइन पर कई पेड़ टूट कर गिर गए थे। अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम द्वारा सुबह से ही पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई थी। कई पेड़ों का छटान किया गया और लाइन जोड़कर सुचारू की गई। मंगलवार शाम 5:00 बजे आपूर्ति सुचारू हो पाई। इस दौरान 26 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने जनरेटर मंगा कर घरों में पानी की व्यवस्था की।

# व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़: अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। व्यापारी न केवल आर्थिक विकास में बल्कि सामाजिक संतुलन और रोजगार सृजन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश की आर्थिक प्रगति में व्यापारियों का योगदान सर्वविदित है। इसलिए सरकार और प्रशासन को उनके हितों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करनी चाहिए। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग हर परिस्थिति में देश की अर्थव्यवस्था को संभालता है। जब महामारी जैसी परिस्थितियां आई, तब भी व्यापारियों ने जनता की

## सम्मान और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हो

जरूरतों को पूरा किया और आर्थिक प्रवाह को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित वर्ग को समाज में सम्मान और सहयोग की आवश्यकता है। क्योंकि व्यापारी देश की नब्ज को समझता है और जनता की जरूरतों से सीधा जुड़ा रहता है। व्यापारी वर्ग कर अदा कर देश को मजबूती देता है, फिर भी कई बार उन्हें अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर चिंता जताते हुए अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए



और उन्हें शीघ्र समाधान मिले। सरकार को चाहिए कि उनके लिए सरल कर प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाजनक व्यापार माहौल तैयार करे, ताकि व्यापार और भी सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि छोटे मध्यम और बड़े सभी व्यापारी एक साथ मिलकर देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारी वर्ग ही वह समुदाय है जो हर घर की जरूरतों को पूरा करता है। रोजगार देता है और समाज के विकास में योगदान करता है। इसलिए व्यापारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग सिर्फ धन नहीं कमाता, बल्कि वह समाज को स्थिरता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है, इसलिए हर सरकार और नागरिक का कर्तव्य है कि व्यापारी की सुरक्षा, सम्मान और हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# डीएम ने की परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

## नकलविहीन परीक्षा कराने पर जोर, ट्रेजरी में जमा होंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सकुशल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस संग्राम सिंह सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी बहुत अहम है, पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपनी




जिम्मेदारियां का निर्वहन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट्स कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा के समय केंद्र में ही उपस्थित रहेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को उन्हीं के द्वारा ट्रेजरी में जमा भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों में तैनात स्टाफ सहित सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पूर्व अच्छी तरह उनकी तलाशी ली जाए और किसी भी अवस्था में मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्ण सावधानी पूर्वक नकल विहीन तथा शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाएं और संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में कोई भी व्यक्ति बिना शनाख्ती कार्ड के मौजूद नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की तलाशी पुलिस कार्मिकों के साथ-साथ कार्यदाई संस्था के कार्मिक संयुक्त रूप से करें।

उन्होंने बताया कि 12 अक्तूबर, 2025 को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में 9624 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। आयोग द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा का समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 11:30 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर की अतिरिक्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें तथा परीक्षा कक्ष की साफ-सफाई, रोशनी, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा केंद्रों में जहां पर भी सीसीटीवी कैमरा अक्रियाशील पाया जाए तत्काल इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित संस्था को सूचित करें ताकि समय पूर्वक सभी सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशील रखा जा सके।

## एक नजर

### सामाजिक विघटन विषय पर चर्चा




**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर एवं गुलाब सिंह हिंदू पी.जी. कॉलेज,चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'सोशल इश्यूज: कोसेज, कॉन्सेक्यूएंसेस एंड सॉल्यूशंस' विषयक छः दिवसीय एड ऑन कोर्स के द्वितीय दिन गूगल मीट पर ऑनलाइन माध्यम से वक्तव्य दिया गया। मुख्य वक्ता डा. ज्ञानेंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक विघटन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जब भी किसी समाज में अंत: क्रियाओं का व्यवस्थित क्रम टूटता है और जब सामाजिक संस्थाएं व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होती हैं, तो समाज में विघटन की स्थिति पैदा हो जाती है। इस दृष्टि से सामाजिक विघटन भी एक सापेक्ष धारणा है। किसी विशेष स्थिति को सामाजिक विघटन कहने से पहले यह देखना आवश्यक है कि उस समाज के तत्कालीन मूल्यों, आदर्शों, नैतिकताओं और कानूनों द्वारा किन व्यवहारों को मान्यता दी जाती है। यदि सामाजिक संतुलन बनाए रखने वाले मूल्यों और नियमों के उल्लंघन के कारण समाज का ढांचा टूट जाता है, जो अनियंत्रित, परस्पर विरोधी और मनमाने आचरण को बढ़ावा देता है, तो इसे ही हम सामाजिक विघटन कहते हैं।

### कृष्णा के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार सैनी के निर्देशन में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, हरिद्वार का शैक्षिक भ्रमण किया। इस पार्क में छात्रों ने फूड प्रोसेसिंग और हर्बल उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग को देखा और समझा। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यधिक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिससे उन्हें आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और प्रक्रियाओं के बारे में जानने का अवसर मिला। पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का भ्रमण छात्रों के लिए एक अद्वितीय सीखने का अनुभव था, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और उद्योग की चुनौतियों को समझने में मदद मिली। भ्रमण में प्रोफेसर मौहम्मद खालिद, दीपक गुप्ता, दीपिका पल और डॉ. अमन सिफत का विशेष योगदान रहा। कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार और डॉ. अंकित कुमार सैनी ने इस भ्रमण के आयोजन के लिए पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क हरिद्वार के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### वाल्मीकि जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान



**धामपुर।** भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने वाल्मीकि बस्ती स्थित मंदिर पहुंचकर भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा का पंचामृत स्नान कराया। उन्होंने दूध, दही, शहद, घी और चंदन से विधिवत स्नान कराकर नए वस्त्र अर्पित किए और माल्यार्पण किया। इसके साथ ही वाल्मीकि बस्ती स्थित मां काली मंदिर में भी पूजा-अर्चना की गई। ईओ शुक्ला ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को ज्ञान और मर्यादा का संदेश दिया। आज का दिन हमें समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पण की भावना देता है। पूजन के बाद नगर पालिका की ओर से कार्यरत महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि वाल्मीकि समाज नगर की स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है, इसलिए उनका सम्मान समाज के लिए गर्व की बात है। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी-कर्मी, वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे नगर में जयंती को लेकर श्रद्धा और उल्लास का वातावरण रहा।

### रवा राजपूत संघ की बैठक



**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर की बैठक रवा राजपूत भवन (धर्मशाला) भरत विहार में हुई। बैठक की अध्यक्षता विनीत राजपूत अध्यक्ष व संचालन मनीष राजपूत महामंत्री ने किया। बैठक मे विनीत राजपूत को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल बिजनौर का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर फूलमालाओं व बुके देकर सम्मानित किया गया।

### किसानों की दरोगा के साथ नोकझोंक



**नांगल सोती।** भारतीय किसान यूनियन के नेता अवनीश कुमार, अजय सिंह उर्फ गुड्डू, मुकुल कुमार, सत्यपाल सिंह, ज्ञान सिंह, रोहित कुमार विजय सिंह आदि एक मामले की शिकायत को लेकर थाने पहुंचे। मामले की जानकारी मांगने पर किसान नेताओं और दरोगा गौरव सिरोही के बीच नोंकझोंक शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि किसान नेताओं ने थाने के गेट पर अपना झंडा लगाकर धरना शुरू कर दिया। धरने की सूचना पर नजीबाबाद सीओ नितेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए। सीओ ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जांच कर उक्त दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद किसान मान गए और धरना समाप्त कर दिया।

# कल्कि महोत्सव के दूसरे दिन आत्मनिर्भर भारत शताब्दी संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव के दूसरे सौपान पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्म निर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बहजोई के बड़ा मैदान पर चल रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई लता रहीं। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार एक पुष्प,एक पुस्तक,एक परिधान एक नारियल एवं एक पीतल का पात्र लोटा द्वारा स्वागत सम्मान किया। जबकि विद्यालय की छात्रओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की गयी। जिलाधिकारी ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 (समृद्धि) का शताब्दी पर्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 12 क्षेत्रों जिनमें

### ○ जिप अध्यक्ष ने अपने सुझाव पेश करने का किया आह्वान

कृषि एवं संब) सेक्टर, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन में कोई भी नागरिक 31 अक्टूबर तक सुझाव दे सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्म निर्भर भारत आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 के विषय में बताते हुए कहा कि सभी लोग विजन डॉक्यूमेंट के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत करें हमारा जनपद सुझाव देने में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, रत्नेश कुमार तथा सत्येन्द्र कुमार सिंह, कमल कुमार कमल, श्रृद्वानन्द त्रिपाठी, सुभाष पाल व आईएमए तथा नीमा, रोटरी क्लब आदि सामाजिक संगठन के सदस्य मौजूद रहे।



सम्भल- कल्कि महोत्सव के मंच पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते जिलाधिकारी।

# बीमित किसान पा सकते हैं फसलों के नुकसान की भरपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बैमौसम बारिश से हुए फसलों के नुक्सान की भरपायी फसल बीमा योजना के तहत किसान लाभ पा सकते हैं। पीएम फसल बीमा योजन के तहत बीमित किसानों को इसका लाभ कम्प्लेन करने से मिल सकता है। जिले में प्रधनमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कुल 7687 के सी सी कृषक और 49 गैर श्रृणी कृषक बीमित हैं।

जिले में गत दिनों से बारिश हो रही है। बैमौसम बारिश से धान, उर्द एवं बाजरा के नुकसान होने की संभावना है। ऐंसे किसान जिन्होने फसल बीमा करायी गई है और उनको फसल का नुकसान हुआ है तो वो अपनी शिकायत टोल फ्री नंबर 14447 पर करना सुनिश्चित करे। जबकि उक्त नंबर

### ○पोर्टल और व्हाटसएप्प के माध्यम से किसान दर्ज करा सकते हैं अपनी शिकायत

काम ना करे तो कृषक अपना प्रार्थना पत्र 8052970563 पर भेजकर अपनी कंप्लेन करा सकते है। जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा के अनुसार उक्त शिकायत स्थान के अलावा कृषक कृषि पोर्टल और हेल्पलाइन पर जाकर स्वयं पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से फसल नुकसान होने के 72 घंटे के अंदर-अंदर अपना प्रार्थना पत्र बीमा कंपनी /कृषि विभाग/बैंक शाखा को देने की भी अपील की है। साथ ही इसके अलावा बीमा दिया जाना संभव नहीं हो पाता है। जीन कृषकों का फसल नुकसान कटाई उपरांत हुआ है और बैमौसमी बारिश के कारण क्षति हुई है साथ ही अगर वो कृषक बीमित हैं तो वह अपनी कंप्लेन कर सकते हैं।

## बारिश से हुई ठंडक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो दिन से हो रही बारिश ने मौसम को बदल दिया है। ठंडक का अहसास होने लगा है।

# मस्जिद पर भी लगा लाल निशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तालाब की जमीन पर बने होने के आरोप वाले 80 मकानों को नोटिस जारी करने के साथ अब लाल निशान भी लगा दिए गए हैं। हालांकि बुल्डोजर कार्रवाई से पूर्व मकान स्वामियों को 15 दिन का समय दिया गया है जबकि इन्ही में एक मस्जिद भी तालाब की भूमि पर बने होने के आरोप लगाकर उस पर भी लाल निशान लगाया गया है।

हातिम सराय क्षेत्र में राजस्व प्रशासन की ओर से तालाब की भूमि पर मकानों का निर्माण करने के आरोप में मकान स्वामियों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस में सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश का हवाला देकर उन्हे स्वयं हटा लेने के आदेश दिए गए है। अब राजस्व प्रशासन की ओर से उन मकानों को चिन्हित कर लाल निशान भी लगा दिए गए है। इसी के साथ वहां बनी एक मस्जिद पर भी लाल निशान लगाया गया है। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार तालाब की जमीन पर करीब 12-13 साल पहले एक बड़ी मस्जिद का निर्माण कराया गया था। जब लेखपाल मौके पर जांच के लिए पहुँचा तो किसी ने भी मस्जिद के निर्माण की जिम्मेदारी या मुतवल्ली होने का दावा नहीं किया। इस कारण मस्जिद पर भी नोटिस चस्पा करने के साथ उस पर लाल निशान लगाया गया है। हालांकि तहसीलदार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर मस्जिद की ओर से कानूनी और स्वीकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो तालाब की जमीन पर बने सभी मकानों और मस्जिद को भी कानूनी प्रक्रिया के तहत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगा। राजस्व प्रशासन का दावा है कि यह जमीन पहले तालाब के नाम से दर्ज थी, लेकिन भूमाफियाओं ने मिली भगत से अवैध प्लॉटिंग कर भोलेभाले लोगों को बेच दी। अब वही लोग प्रशासनिक कार्रवाई के बाद परेशानी में हैं। तहसीलदार ने बताया कि अवैध कब्जा धारियों को न्याय के दायरे में लाया जाएगा और जिन लोगों ने इन प्लॉटों में पैसा लगाया है, उनके दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। इसके लिए लेखपालों की टीम को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जो लोग इस तरह की जमीन खरीद में फँसे हैं, वे अपने दस्तावेज और शिकायतें तहसील में पेश करें जिससे कि उनके हितों की जांच हो सके।

## तालाब की भूमि पर कैसे हो गए नक्शे पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हातिम सराय क्षेत्र में जिस भूमि पर बने मकानों का निर्माण तालाब की होने का फरमान जारी किया गया है। उसने एक बड़ा सवाल पैदा कर दिया है? क्योंकि जो भूमि तालाब की है तो फिर उस पर बने मकानों को बैनामा और नक्शा पास कराकर ही निर्माण किया गया है। जब उक्त भूमि तालाब की थी तो उसका बैनामा कैसे पंजीकृत कर दिया गया। यदि यह मान भी लिया जाये कि तथ्य छिपाकर भूमि को बेचकर बैनामे किए गए तो फिर उनके नक्शे कैसे पास कर दिए गए? जबकि नक्शा पास करने से पूर्व मौके की जांच की जाती है। इतना ही नहीं अनुमति देने वाली आर्थॉरिटी के पास उस क्षेत्र का नक्शा और कौन सी भूमि किसके लिए आरक्षित रहती है उसका रिकार्ड भी उपलब्ध रहता है। अब यहीं से यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि सबकुछ जानते हुए और रिकार्ड उपलब्ध होते हुए भी तालाब की भूमि पर मकानों का नक्शा पास कर दिए गए? इसके अलावा बरसों पूर्व तालाब की भूमि पर मकान बनने के बाद इतने सालों तक राजस्व प्रशासन क्यों खामोश रहा और उन पर अब तक कार्रवाई अमल में क्यों नहीं लायी गयी? अब बरसों बाद अचानक ही राजस्व प्रशासन को तालाब और उसकी भूमि पर बने मकानों की याद कैसे आयी।

# जिले के पांच गांव मोतियाबिंद अंधता मुक्त घोषित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के पांच गांवों को मोतियाबिंद अंधता मुक्त घोषित किया गया है। जिले की पांच ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम चलाया गया था। जिसमें रोगियों की जांच की गई थी। चिन्हित किए गए रोगियों को अस्पताल में भेजकर उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद ये पांच ग्राम पंचायतें अब पूरी तरह मोतियाबिंद अंधता से मुक्त हो गई हैं।

जुनावाई ब्लॉक की पाँच ग्राम पंचायतें रिवारा, झुकेरा, नंदपुर, लावर और देवर कंचन में मोतियाबिंद अंधता मुक्त कार्यक्रम चलाया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने किया। उन्होंने इस अवसर पर एक निःशुल्क नेत्र शिविर की भी शुरुआत की। इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया पेंसिया ने कहा कि यह संभल के लिए गर्व की बात है कि ऐसा महत्वपूर्ण अभियान यहीं से शुरू हो रहा है। उन्होंने साइटसेवर्स इंडिया, सीएल गुप्ता आई इंस्टीटडूट और चोलामंडलम फाइनेंस लिमिटेड को इस पहल और मोतियाबिंद जनित अंधता को समाप्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरुण पाठक ने पाँचों पंचायतों के सरपंचों



को सम्मानित किया और उन्हें मोतियाबिंद अंधता मुक्त पंचायत बनाने में योगदान के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## साइट सेवर्स के कार्यकारी अधिकारी बोले..

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** साइटसेवर्स इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरएन मोहंती ने कहा, कि संभल की पाँच ग्राम पंचायतों को मोतियाबिंद अंधता मुक्त घोषित करना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह दिखाता है कि सामूहिक प्रयास से टाला जा सकने वाला अंधापन खत्म किया जा सकता है। चोलामंडलम फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और हेड-सीएसआर नरेंद्र कुमार एन ने कहा, साइटसेवर्स इंडिया के साथ हमारा जुड़ाव एक साझा दृष्टिकोण पर आधारित है, जो टाला जा सकने वाला अंधापन खत्म करने और वंचित समुदायों की जिंदगी में सुधार लाने पर आधारित है। सीएल गुप्ता आई इंस्टीटडूट के प्रवक्ता ने कहा, सम्भल ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन पार्टनर के रूप में हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम इस नजरिए को जमीनी स्तर पर साकार कर रहे हैं।

## दिल का दौरा पड़ने से होमगार्ड जवान की मौत ने छीना परिवार का पालनहार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कई वर्षों से होमगार्ड विभाग में अपनी सेवाएं देकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे होमगार्ड जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जबकि मौत से परिवार का पालनहार छिन गया।

असमोली थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भूड़ा बेगमपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र नवल किशोर बीते कई वर्षों से उत्तर प्रदेश होमगार्ड की नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण किया करते थे। वर्तमान में वह थाना एचौड़ा कंबोह में अपने फर्ज को अंजाम दे रहे थे। देर शाम अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गयी। शांत स्वभाव के दीपक सामाजिक व्यक्ति होने के साथ हमेशा दूसरों की मदद को तत्पर रहते थे। अचानक हुई मौत ने परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जबकि परिवार का इकलौता पालनहार छिन गया।मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक जहां अपने परिवार के भरण पोषण के लिए एक मात्र सहारा था वहीं परिवार में एक बेटा व पत्नी को छोड़ा है। बेटा बीएससी का छात्र है जो अभी पढ़ाई कर रहा है।

# बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरों पर छाई मायूसी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश से किसानों की खून पसीने की कमाइ पर पानी फिर रहा है। बारिश और हवा से खेतों में लहलहाती धान की फसल को भारी नुक्सान हो रहा है। जबकि कई स्थानों पर फसल बर्बादी के कगार पर पहुंच गयी है। दैवीय आपदा के प्रकोप से किसानों के चेहरों पर मायूसी छाने लगी है।

बैमौसम हो रही बारिश किसानों पर आफत बनकर बरस रही है। बारिश और तेज हवाओं के झोकों से खेतो में लहलहा रही धान की फसल पर तबाही मचा रहा है। खेतों में पानी भर जाने से फसल उसमें डूब गयर है जबकि कई स्थानों पर फसल बिछ जाने से पूरी तरह से बर्बादी के कगार पर पहुंच गयी है। इतना ही नही जल भराव होने से कटाई की तैयारियों में जुटे किसानों की फसल के सड़ने के हालात बन गए है। खून और पसीने से सींची फसल की बर्बादी होते देख किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गयी है और बैमौसम बारिश की मार से किसान बेहद चिंतित हो गया है। जबकि उसकी महीनों की मेहनत पर पानी फिरने के साथ भयंकर नुक्सान होने की पूरी सम्भावना हो गयी है। कुछ किसानों का कहना है कि अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो धान की पूरी तरह फसल चौपट हो जाएगी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

## एक नज़र इधर भी

### त्योहारी सीजन से बाज़ार में बढ़ी खरीदारी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** त्योहारी सीजन में बाजारों की रौनक दोगुना हो जाती है।अब करवा चौथ का त्योहार आ रहा है। इसकी धामक से शहर के बाजारों में चमक बढ़ गई है। करवा चौथ के चलते बाजारों में सोलह श्रृंगार से लेकर सजावटी थालियों की मांग बढ़ गई है। इस समय सबसे ज्यादा रौनक महिलाओं से जुड़ी दुकानों पर दिखाई दे रही है। बाजारों में चुनरी, चूड़ियां, सोलह शृंगार, सजावटी थालियां, करवे और सजावटी सामान खूब बिक रहे हैं। दुकानदार भी त्योहार को देखते हुए नए-नए अक्कर और स्कीमें निकाल रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक आकर्षित हो सकें। खासकर कपड़ों की दुकानों में ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। नगर के दुकानदार निर्दोष ॐ बोबी वार्ष्णेय का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में कफी बढ़ोतरी हुई है। त्योहारों के चलते कपड़ों की दुकानों पर खास भीड़ देखी जा रही है। बबराला रेलवे रोड के दुकानदार अभय वार्ष्णेय ने बताया कि ऑनलाइन खरीदारी के बावजूद ऑफलाइन बाजारों का आकर्षण कम नहीं हुआ है। आने वाले दिनों में यह भीड़ और ज्यादा बढ़ेगी।

### 17 घंटे में हिफ्ज मुकद्दस किताब सुनाकर हाफिज फैज ने की कामयाबी हासिल

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मदरसा अहले सुन्नत मदीनतुल उलूम तहसीनिया ग्राम रचैटा मे मौलाना नियाज मुहम्मद तहसीनी की संरक्षता में कारी मुहम्मद हिसामुद्दीन की कक्षा में हाफिज मुहम्मद फैज ने हिफ्जे मुकददस किताब मुकम्मल करने के साथ एक ही बार में बैठकर मुकम्मल मुकददस किताब चौदह घन्दे में सुनाया, उनकी इस कामयाबी पर जहां उलेमाओं ने स्वागत किया। जबकि 17 घंटे में लगातार मुकददस किताब हिफ्ज एक ही बैठक में सुनने के दौरान कारी मुहम्मद मुस्लिम और मौलाना मुहम्मद सलमान, अब्दुल सत्तार, बाबू भाई, हाफिज फैज के वालिद मुहम्मद तौसीफ आदि शामिल रहे। हाफिज मोहम्मद फैज ने बताया कि वह लगातार पूरी लगन और मेहनत से कुरान हिफ्ज कर रहे थे, अब बारी थी उसे सुनाने की, कई दिन से लगातार तैयारी कर रहे थे, कोई गलती ना निकले इसलिए अपने करीबी लोगों को कुरान सुना रहे थे, फिर मौका आया।

### महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत मोहल्ला पंजू सराय, जन्नत निशा स्कूल के पास चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया और उन्हें समझाया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये। इस मौके पर उप निरीक्षक मुकेश कुमार, हे.का. सुखविन्द्र सिंह सिद्धू, हे.का. विकास गिरी, का.सावन चौधरी, का.पीयूष शर्मा, म.का.सोनम, म.का.प्रियंका मौजूद रहे।

### सर्वहितकारी मिलेटस श्रीअन्न स्टोर का भव्य शुभारम्भ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिलेट्स पुनरूद्वार कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग के मार्गदर्शन में सर्वहितकारी फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित हमिलेट्स (श्री अन्न स्टोर) का सोमवार की देर रात बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री/स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा एवं गुलाब देवी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, माध्यमिक शिक्षा, उ.प्र. द्वारा फीता खोलकर एवं नारियल फोड़कर धार्मिक विधि से किया। जबकि दोनों अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्री अन्न अभियान' के तहत मिलेट्स जैसे पोषक अनाजों का प्रसार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। यह स्टोर किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए सेहत व स्वावलंबन का माध्यम बनेगा। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मिलेट्स हमारे पारंपरिक अनाज हैं जो न केवल सेहत के लिए अमृत समान हैं बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने का भी सशक्त माध्यम हैं। ऐसी पहलें समाज को स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरक हैं। मंडलायुद्र आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वहितकारी जैसी संस्थाएँ यदि इस प्रकार पोषण और आजीविका को जोड़कर कार्य करें तो यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय बन सकता है।मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वहितकारी जैसी संस्थाएँ यदि इस प्रकार पोषण और आजीविका को जोड़कर कार्य करें तो यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय बन सकता है।जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि यह स्टोर न केवल बहजोई के लिए गर्व का विषय है, बल्कि सम्भल जनपद के ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में कंपनी निदेशक सम्भव जैन ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का हार्दिक आभार व्यद्र करते हुए कहा कि हमारा संकल्प 'अच्छा स्वाद, बेहतर सेहत मिलेट्स के साथ' के नारे को हर घर तक पहुँचाया जाए। स्थानीय किसानों के उत्पाद को सम्मानजनक मूल्य दिलाना और जन-जन तक श्री अन्न पहुँचाना ही हमारा ध्येय है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ भटट मुख्य विकास अधिकारी, चौधरी हरेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष-भाजपा, परमेश्वर लाल सैनी पूर्व एमएलसी, मंजू दिलेर चौहान भाजपा नेत्री,अरुण कुमार त्रिपाठी उप कृषि निदेशक, अंकित जैन, विकास वार्ष्णेय, राजेश शंकर राजू, नकुल प्रताप सिंह, लव कुमार आर्य, चैतन्य कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक व सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र बनेगा शिव मंदिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वैदिक परम्परा और विधि विधान के साथ शिव मंदिर रिठाली में यज्ञ-हवन और पूजा के साथ भंडारा सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। यज्ञाचार्य पंडित वेदप्रकाश शर्मा ने सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया की प्रार्थना के साथ क्षेत्र के लोगों की सुख-शांति और समृद्धि की ईश्वर से कामना की। पूर्णाहुति के बाद धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो, हर हर महादेव, सियावर रामचंद्र जी महाराज की जय, उमापति महादेव की जय, पवन सुत हनुमान जी की जय, वृंदावन बांके बिहारी लाल की जय, गंगा मैया की जय, गौ माता की जय, भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगंभेदी नारों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। रिठाली ग्राम के पूर्व पुलिस अधिकारी अनिल त्यागी सुपुत्र महावीर त्यागी और उनकी धर्मपत्नी सरोज त्यागी यज्ञ के मुख्य यजमान रहे जबकि पडित वेदप्रकाश शर्मा ने उनके सुपुत्र अंकित त्यागी एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना त्यागी से पूजा कराकर उन्हें संकल्प कराया हैं। यज्ञ-हवन के बाद पंडित वेदप्रकाश शर्मा ने भगवान शिव, चामुंडा मैया तथा जाहरवीर बाबा के मंदिरों में भोग लगाकर भंडारे का शुभारम्भ कराया। शिव मंदिर रिठाली के प्रबंधक भागेश कुमार त्यागी ने बताया कि हमारे गांव के शिव मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था, प्रेम और श्रृद्वा लगातार बढ़ रही है।

# शोभायात्रा मार्ग पर जल भराव से फूटा गुस्सा

### ○वाल्मीकि समुदाय ने लगाया पालिका प्रशासन पर आरोप

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा मार्ग पर भारी जलभराव से वाल्मीकि समाज में रोष छा गया। गुस्साय समाज के लोगों ने विरोध जताया और नगर पालिका परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाया।

मंगलवार को सुबह से हुई बरसात ने शहर के कई इलाकों में जलमगन कर दिया। निचले स्थान सबसे अधिक प्रभावित हुए। जबकि हौज़ भदेसराय. मौहल्ले का रास्ते में गंदा पानी पूरे मार्ग पर भर गया। इसी मार्ग से वाल्मीकि जयंती की शोभायात्रा का निकाली जाती है। शोभायात्रा का प्रमुख मार्ग पूरी तरह जल मगन हो गया। इससे वाल्मीकि समाज के लोगों में भारी आक्रोश पनप गया। गुस्सास वाल्मीकि समाज के लोगों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की। जबकिवहां पहुंचे जेई से भी तीखी नोकझोंक हुई।दर असल वाल्मीकि जयंती पर भदेसराय क्षेत्र से शोभायात्रा निकाली जाती है। सुबह से ही महर्षि वालमीकि के अनुयायी शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन सुबह से हो रही बारिश ने पूरा रास्ता तालाब में तब्दील हो गया था। सड़कों पर पानी भरने से जुलूस निकालना मुश्किल हो गया। वाल्मीकि समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है, लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया। इस दौरान जब नगर पालिका का जेई मौके पर पहुंचा तो लोगों ने उसे घेर लिया और जमकर नाराजगी जताई। समाज के लोगों ने त्यौहार के दिन भी पालिका प्रशासन पर लापरवाही और श्रद्वालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने के आरोप लगाया। इससे कुछ देर के लिए गर्मागरमी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर साल इसी मार्ग पर जलभराव की समस्या होती है, लेकिन नगर पालिका सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रहती है। जल्द ही जलभराव की स्थायी व्यवस्था नहीं करने पर वालमीकि समाज के लोग बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। हालांके पालिका प्रशासन की ओर से पानी निकालने के लिए पंपिंग की व्यवस्था करने का आशवासन दिया।



सम्भल- शोभायात्रा मार्ग पर जल भराव के विरोध में प्रदर्शन करते।

# मेरठ पुलिस लाइन ने मारी शूटिंग बॉल में बाज़ी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** युवा मंगल दल के तत्वावधान में शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच में स्थानीय टीमों के अलावा अंर्तजनपदीय टीमों ने भी प्रतिभाग किया।

थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चितावली में युवा मंगलदल शूटिंग बल टूर्नामेंट का विशाल आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में स्थानीय टीमों के साथ-साथ अंतर्जनपदीय टीमों ने भी इस प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जबकि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयी सभी टीमों व दर्शकों को आशीर्वाद देते हुए उनका उत्साह वर्धन करके खेल का आनंद भी लिया। टूर्नामेंट में सभी टीमों के खिलाड़ियों ने



अपनी प्रतिभा दिखाते हुए टूर्नामेंट मे अपनी भागीदारी निभाई। टूर्नामेंट का फाइनल मैच में मेरठ पुलिस लाइन व असमोली की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मेरठ पुलिस लाइन विजेता रही जबकि तथा असमोली की टीम उप विजेता रही। कमेटी अध्यक्ष व जीएसएम विद्यापीठ के प्रबंधक प्रवेंद्र सिंह द्वारा विजेता टीम के कप्तान व उपविजेता टीम के कप्तान अर्पित यादव को ट्रॉफी व धनराशि देकर दोनों टीमों खिलाड़ियों का सम्मान किया। टूर्नामेंट के आयोजन मे समस्त ग्रामवासी चितावली व मुख्य रूप से गौतम चौधरी ने अपना सहयोग देते हुए सभी टीमों को प्रेम भाव व खेल भावना में रहकर पारदर्शिता दिखाते हुए मैच कराने व भोजन और का प्रबंध किया।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की सपा अध्यक्ष को नसीहत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए भाड़े के पहलवानों को हटाकर अखाड़े के बाबा रखने और धर्म के जाल में न फंसकर सपा की विचारधार का प्रचार करने की नसीहत दी।

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद बहजोई में हो रहे कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होने अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए दलितों और पिछड़ों का अपमान किया। इसीलिए आज दलित, पिछड़े और पीड़ित वर्ग एनडीए के साथ हैं। सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ये वही लोग हैं जो सत्ता में आते ही अंबेडकरवादी व्यवस्था बदलने लगते हैं, नाम बदलते हैं,

### ○ धर्म जाल में न फंसकर सपा की विचारधारा का प्रचार करने पर ज़ोर

मूर्तियां हटाते हैं, दलितों को दलदल में धकेलते हैं। सत्ता से बाहर होते हैं तो पीडीए याद आता है। कैबिनेट मंत्री ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने पिछड़ा वर्ग आयोग बनाकर पिछड़ों को संरक्षण दिया, जबकि योगी सरकार ने पिछड़ों को चुनाव लड़ने का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय से दिलाया। उन्होने राष्ट्रपति से भी निषाद समाज को अनुसूचित जाति से निकालकर ओबीसी में शामिल न करने की अपील करते हुए कहा कि इसी में निषाद समाज का वास्तविक हित है।

## हर घर स्वदेशी संकल्प अभियान का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संकल्प अभियान के तहत आत्मनिर्भर भारत घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार एवं हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी , सम्भल विधान सभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मलेन की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया सम्मेलन में मुख्य अतिथि हरी सिंह ढिल्लो शिक्षक विधायक उपस्थित रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित गोष्ठी में एसपी ग्रामीण ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जनपद के समस्त थानों के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं टीम सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित गति. विधियों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करना रहा।एसपी ग्रामीण ने मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों, स्कूलकॉलेजों में आयोजित संवाद सत्रों, हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली एवं महिला बीट पुलिसिंग की प्रगति का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़ी प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई द्वारा निस्तारित किया जाए। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर क्राइम से बचाव, और कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के लिए नियमित रूप से जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा मिशन शक्ति को और प्रभावी बनाने के लिए सुझाव साझा किए। एसपी ग्रामीण ने अंत में सभी को बेहतर कार्यप्रणाली के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हर महिला का सम्मान और सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मोदीनगर।** थाना भोजपुर पर वादिया द्वारा तहरीर दी गई किअभियुक्त शमशाद पुत्र तोसीफ निवासी ग्राम त्यौडी-13 थाना भोजपुर गाजियाबादद्वारा वादिया के साथ शादी का झांसा देकर वादिया के साथ शारीरिक संबंध बनानातथा बाद में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थानाभोजपुर पर तत्काल धारा- 69/352/351(3) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

# उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता डीआरएम से मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ एवं उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता कर्मचारियों की समस्याओं के लिए वार्ता करने हेतु मंडलीय रेलवे प्रबंधक संग्रह सिंह मौर्य से मिला। भारतीय मजदूर संघ के रेल प्रभारी अशोक कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष काली कुमार, मंडलीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य डॉ. पवन जैन, मंडल मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से डी आर एम कार्यालय में भेंट की।

वार्ता में इंजीनियरिंग विभाग और परिचालन विभाग के गेटों पर जिसका टी वी यू 50000 से अधिक है उन गेट संख्या पर ड्यूटी रोस्टर 8 घंटे करना चाहिए, यूनियन कार्यकर्ताओं को आवश्यकता पड़ने पर अपनी छुट्टी मिलनी चाहिए।



मान्यता प्राप्त यूनियन को अतिरिक्त छुट्टी मिलती है।

हम उसकी मांग नहीं कर रहे हमारी मांग केवल इतनी है कि कर्मचारियों को उनकी सी एल दे दी जाए। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य समस्याओं पर चर्चा जिस पर डीआरएम में सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन की स्थिति, सफाई व्यवस्था, मेंटीनेंस आदि पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

## एक नजर

### तहसील प्रशासन ने मोहनी मंदिर पर कराया सुंदर कांड



**कांठ( शाह टाइम्स )।** शासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आज नगर के मोहनी मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया सुंदरकांड का शुभारंभ एसडीएम संत दास पवार ने विधि विधान के साथ कराया इसके बाद तहसीलदार नायब तहसीलदार एसडीएम आदि अधिकारी और कर्मचारियों ने सुंदरकांड का श्रवण किया। इस मौके पर काफी भक्तजन मौजूद रहे।

### अटल आवासीय विद्यालय पहुंची मिशन शक्ति की टीम



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय पीपली में बालिकाओं के साथ गोष्ठी कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098,साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी और पंपलेट वितरण किए। महिला सुरक्षा दल की जनपद स्तरीय टीम में एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रप्रभा गौतम, कांस्टेबल मनीषा, उपासना आदि शामिल थी।

### नारी उत्थान केन्द्र के अथक प्रयासों से दो दंपती के आपसी मतभेदों का कराया गया निस्तारण

**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केन्द्र/नारी उत्थान केंद्र के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के दो विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को सहमत हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में तथा अनुभवी परामर्श दाता एमपी सिंह यादव,डॉ0 पूनम बंसल के माध्यम से परिवार परामर्श केन्द्र, नारी उत्थान केन्द्र, पुलिस लाईन मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी सम्बन्धित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 02 प्रार्थना पत्रों में दोनो पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। परिवार परामर्श द्वारा जोडों को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनायें देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

### दिनदहाड़े दो बकरे हुए चोरी

**कुन्दरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं। सोमवार दोपहर गांव इमरतपुर सिरसी में अज्ञात चोर दो बकरे चोरी कर ले गए। बताया गया कि बकरे गांव निवासी आलम के घर के बाहर बंधे थे। कुछ देर बाद जब उन्होंने देखा तो बकरे गायब थे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बकरी, भैंस, बाइक और नकदी चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि पुलिस गश्त केवल नाममात्र की रह गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

## नगर पंचायत की महिला कर्मचारियों को अच्छे कार्य के लिए सांसद ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी के नेतृत्व और रामेश्वर दयाल अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में नगर पंचायत कांठ द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर नगर को स्वच्छ बनाने में अपने कार्य के प्रति लगन निष्ठा एवं ईमानदारी से संपादित किए जाने के फल स्वरुप उत्कृष्ट कार्य हेतु मिशन शक्ति के अंतर्गत सांसद रुचि वीरा द्वारा नगर पंचायत कांठ की महिला कर्मचारी शकुंतला उर्मिला ,ममता ,राधा, बाला, सपना ,सुनीता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर नगर पंचायत से एसबीएम प्रभारी मोहम्मद आलम, कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन विश्नोई निशांत कुमार ब नगर के सम्मानित लोग व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में हुआ ऐडमेड शो का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट- कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में ऐडमेड शो का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, टीमवर्क, विज्ञापन की समझ और मार्केटिंग कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम का आयोजन सेमिनार हॉल में किया गया, जिसमें बी. कॉम वर्ग के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों ने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लिए विज्ञापन तैयार कर अपनी सृजनात्मक सोच और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हास्य, रचनात्मकता और संदेश को मिलाकर सामाजिक मुद्दों से लेकर ब्रांड प्रमोशन तक अनेक विषयों पर शानदार विज्ञापन प्रस्तुत किए। छात्रों ने अपनी टीम भावना और प्रस्तुति कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रकार की गति. विधियाँ छात्रों को न केवल प्रबंधन और विपणन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और संचार कौशल को भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम के समापन



पर प्रो. (डॉ.) विपिन जैन, टिमिट-डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड् मैनेजमेंट ने छात्रों को कहा कि आज की प्रतियोगिता ने यह साबित किया कि हमारे छात्र केवल सिद्धांत तक सीमित नहीं हैं। बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी साधन बन सकता है। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि वे भविष्य में भी इसी उत्साह और नवाचार की भावना के साथ आगे बढ़ेंगे।

# टीएमयू में शरद पूर्णिमा पर आचार्य श्री विद्यासागर के अवतरण दिवस पर पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के जिनालय में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर विधि-विधान से पूजा अर्चना हुई। ब्रहमचारिणी डॉ. कल्पना जैन के सानिध्य में अभिषेक और शांतिधारा हुई। उल्लेखनीय है, आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज और गणिनी प्रमुख श्री 105 ज्ञानमती माताजी का जन्म भी शरद पूर्णिमा को हुआ था। आचार्य श्री विद्यासागर जी के संग-संग आचार्य श्री समयसागर जी महाराज और गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी की भी जिनालय परिवार की ओर से आरती की गई। टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने अभिषेक और शांतिधारा की। भक्तामर दीप विधान और नवकार मंत्र का पाठ भी सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर मेडिकल के डीन एकेडमिक्स प्रो.



एसके जैन, धार्मिक जैन आदि के संग-संग श्रावक- श्राविकाएं भी मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



**कुंदरकी।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर पट्टी में प्रधान की चौपाल पर रपर महिलाओं व बालि. काओं को एकत्रित उत्तर प्रदेश , सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारें में जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नम्बरों 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ), 1090 ( वीमेन पावर हेल्पलाइन ), 1930 ( साइबर अपराध हेल्पलाइन ),108 एंबुलेंस सेवा), 1098 ( चाइल्ड हेल्प लाइन) तथा 181, 112, 1930 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी गई। पंपलेट भी वितरित किए गए एम एसटी 20 कुंदरकी द्वारा जागरूक किया गया।

# विधायक ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को प्रासंगिक बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे ब्लॉक की ग्राम जैतपुर विसाहट, खाई खेड़ा और दलपतपुर में महर्षि भगवान बाल्मीकि की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम दलपतपुर में बाल्मीकि मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में बाल्मीकि समाज ने माला एवं पगड़ी पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को आज भी प्रासंगिक बताया। रामायण के माध्यम से समाज को आदर्शों, मर्यादा और मानवीयता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि समाज का हर वर्ग बिना किसी भेदभाव के एक साथ आगे बढ़े और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। भगवान महर्षि वाल्मीकि ने हमें शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की जो प्रेरणा दी है, हमें उससे प्रेरित होकर समाज को आगे ले जाना होगा। समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें शिक्षा को अपनाना होगा। हमें ऐसी भावना को पैदा करना है, जिसमें सभी का भला हो। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल आकाश पाल, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, नजर अली प्रधान, वालेचरण, शुभम बाल्मीकि, डॉ राजीव, नीरज चंद्रा, अशोक प्रजा. पति, राकेश बाल्मीकि ,परशुराम सैनी, सुदेश, दीपक, रंजीत, अजय, मंजीत, शेखर, चरण, रवि, तेजपाल बाल्मीकि, नरेश बाल्मीकि, इंद्रपाल, उदयपाल सिंह, खेमपाल सिंह, उमेश बाल्मीकि सहित बाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम में संगोष्ठी का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से "शहरी कृषि: सतत खाद्य प्रणाली और सक्षम शहरों हेतु वर्टिकल फार्मिंग" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आजकल खाद्य सामग्री की शुद्धता संदेह का विषय बनती जा रही है तथा बाजार में मिलावटी खाद्य सामग्री और दूषित सब्जियां बेची जा रही हैं। इस संगोष्ठी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर में प्रोफेसर (बागवानी) एवं एसोसिएट डीन एग्रीकल्चर के पद पर कार्यरत डॉ. शैलेश कुमार सिंह मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता डॉ. सिंह ने कृषि के क्षेत्र में एआई, आईओटी और नैनो तकनीक के व्यापक असर पर प्रकाश डालते हुए अर्बन खेती के अनेकानेक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अर्बन खेती अपनाकर लोग ताजी एवं शुद्ध सब्जियां का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें वर्टिकल फॉर्मिंग को अनेक प्रकार से किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कृषि और बागवानी के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग करने की आवयकता पर बल दिया।

इस मौके पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में वर्टिकल फार्मिंग और शहरी कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान कई अन्य प्रतिभागियों ने भी वर्टिकल फार्मिंग और शहरी कृषि को आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने मुख्य वक्ता डॉ. सिंह को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदित्य नारायण चौबे ने किया। अंत में डॉ. विनोद धाँगड़ ने उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा कई शोधार्थियों और 70 से अधिक विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने इकलौते पुत्र अताउर रहमान व पुत्रवधू श्रीमती हुमेरा फातमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमती फहमीदा बेगम पत्नी मरहूम हबीब अहमद निवासी पीरजादा रोड हयात नगर गली नंबर 3 थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र नूर मोहम्मद व पुत्रवधू श्रीमती आसमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **साबिर पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम बढ़ेरा थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**
मोबाईल नम्बर-8449903063

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनुज शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती नीरू शर्मा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी स्वर्गीय नानन्द चन्द शर्मा निवासी मोहल्ला गुजराती पत्थर वाली कोठी शहर व जिला मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा:** 71 सन् 2022
**तारीख पेशी:** 29.10.2025
**धारा:** अर्न्तगत धारा 7/25 संरक्षक एवं प्रतिपालय अधिनियम
**मौ० जावेद बनाम रूकसाना आदि।**
मोहम्मद जावेद पुत्र रईस निवासी मौहल्ला डेहरिया रफीक मंजिल तहसील जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमती रूकसाना पूर्व पत्नी मोहम्मद जावेद पुत्री सद्दीक निवासी मौहल्ला चक्कर की मिलक मुरादाबाद, 2. मोबीन पुत्र नामालूम निवासी मौहल्ला रहमतनगर गली नम्बर-1, करूला मुरादाबाद, 3. श्रीमति शबाना पत्नि श्री तस्लीम निवासी मौहल्ला चक्कर की मिलक, मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा:** अर्न्तगत धारा 7/25 संरक्षक एवं प्रतिपालय अधिनियम के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 29 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या फार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।
आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 29 के माह 09 सन् 2025 को जारी किया है।
**वि०वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# बेमौसम बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान, किसान परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार और मंगलवार को तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी. बारिश से तापमान में भले ही गिरावट आयी है, परंतु धान की कटी फसल को काफी नुकसान हो गया है। क्षेत्र में खेतों में बारिश होने से धान कटाई कुछ दिनों के लिए रुक गई है। कई जगहों पर कटी हुई धान की फसल बारिश से पूरी तरह से भींग गयी. इस समय किसानों के लिए होने वाली बारिश किसी आपदा से कम नहीं है।किसानों की खेत में जो फसल काटी थी बह फसल पानी में भीगने से धान के दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वही क्षेत्र में तेज हवा बरसात से देर शाम तक गुल रही बिजली भदगवां बिजलीघर व नकटपुरी खुर्द के विभिन्न गांवों में मंगलबार की देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी। लोगों को मोबाइल चार्ज करने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभाग के कर्मचारी ने बताया कि तेज हवा से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।



जगह-जगह आए फाल्ट को ठीक करवाकर जल्द ... ही विद्युत आपूर्ति चालू करवा दी जाएगी।

# आईएफटीएम के ग्यारह विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बी.टैक. , बायोटैक्नोलॉजी के 01 विद्यार्थी का गुरूग्राम, हरियाणा स्थित कम्पनी 'हाइक एजुकेशन प्रा0 लि0''; बी. टैक., कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के 04, एमसीए के 01, एमबीए के 02, बीबीए के 02 विद्यार्थियों का नोयडा स्थित कम्पनी 'ट्रेवियो' एवं बी.टैक., मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 01 विद्यार्थी का लखनऊ स्थित कम्पनी 'जीवीके एमरी' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है।

इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर मिस पूर्वी, मनीष राना, मिस शिवानी निगम, मिस अदिति एवं प्रशान्त के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल मिश्रा, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल समेत स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट एवं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयकों श्री अंकित भारद्वाज, डॉ. विकास, मिस अनुभूति, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. ललित जौहरी, मुनीश कुमार एवं श्री नदीम अहमद का योगदान रहा।

## एक नजर

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**कांठ( शाह टाइम्स )** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हर साल की भांति इस बार भी धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ माननगर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से किया गया। इससे पहले एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आई संसद रुचि बीरा ने महर्षि वाल्मीकि के बारे में जानकारी दी और उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गोष्ठी में आए गणमान्य लोगों ने अपने-अपने संबोधन में महर्षि वाल्मीकि के चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके बाद शाम को शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें निकाली गई धार्मिक झांकियो ने लोगों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा मान नगर से शुरू होकर निर्धारित मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई शोभा यात्रा का जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा उठा

**बिलारी।** नगर के गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें गन्ना मूल्य बकाया मुस्कान का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया। स्मार्ट मीटर को लेकर किसानों पर बनाया जा रहे दबाव को लेकर गुस्सा व्यक्त किया गया। मंगलवार को नगर की गन्ना समिति में हुई बैठक में गन्ना बकाया भुगतान का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया, कहा कि रोके गए 25 प्रति कुंटल का भुगतान अभी तक नहीं दिया गया। गन्ना खरीद के लिए अभी तक कोई भी क्रय केंद्र संचालित नहीं किया गया है। गांव में किसानों के जबरदस्ती स्मार्ट मीटर दबाव डालकर लगाए जा रहे हैं, किसानों ने कहा कि गांव में साफ सफाई नहीं हो रही। इससे पहले भी बीडीओ बिलारी को ज्ञापन दिया जा चुका है। जिसमें अनेकों समस्याएं रखी गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मौके पर बोलते हुए वक्ताओ ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं होता तो जल्द ही बड़ा कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष अंकुर चौधरी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मनवीर सिंह, जिला सचिव राजवीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष खिलेंद्र सिंह के अलावा रमाकांत सैनी, नमित चौधरी, राजू चौधरी, सतीश चौधरी, सूरज सिंह यादव, शिवराज सिंह, मोहम्मद उवैश, अनुज चौधरी,अमन सैनी, सत्येंद्र सिंह, अमन चौधरी, गंभीर सिंह, कृष्णपाल सिंह, दिनेश कुमार, उदित चौधरी, अंकुश चौधरी, बबलू सिंह, सद्दाम हुसैन ,प्रमोद सिंह, रामवीर सिंह, सुरेंद्र यादव, सुशील कुमार, नासिर हुसैन आदि से भारी तादाद में किसान मौजूद रहे. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सचिव उदय पाल सिंह संचालन जिला उपाध्यक्ष खिलेंद्र सिंह ने किया।

### एसडीएम और तहसीलदार ने किया रामचरितमानस का पाठ

**बिलारी।** स्थित श्री राम मंदिर में एसडीएम विनय कुमार सिंह तहस. ीलदार अंकित चौधरी ने रामचरितमानस का पाठ किया इस बीच भगवान वाल्मीकि के चित्र पर तिलक भी लगाया मंगलवार को बिलारी के पुणे खेड़ा मंदिर पर रामचरितमानस पाठ में भारी तादात में लोग पहुंचे इस बीच रामचरितमानस पाठ के बाद पूजन अर्चन भी किया इस मौके पर पंकज चौहान अमित सिंह मनोज कुमार तेजपाल सिंह सुनील कुमार के अलावा भारी तादाद में लोग मौजूद रहे पूजन कार्यक्रम पंडित रोहित पाराशरी ने कराया।

### महिलाओं व बालिकाओं को दी जानकारी



**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मंगलवार को महिला सुरक्षा पुलिस टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम राघुवाला में ग्राम प्रधान यामीन व अकील , आशा पुष्पा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकीला , समूह सखी अनीता तथा महिलाओ व बालिकाओ के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया , गोष्ठी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए।

## बेकाबू पानी बना लाइन पार चांदपुर मंगोल निवासियों के लिए मुसीबत

**कुंदरकी।** वर्षों से परेशान लाइन पार निकट हाईवे स्थित चांदपुर मंगोल निवासी भटपुरा पट्टी के किसान नगर से जाने वाला पानी की निकासी को लेकर परेशान है नगर एवं बरसात का पानी नगर स्थित रेलवे के पुल से निकलकर लाइनपार प्रवेश कर ,आगे जकर पानी बेकाबू हो जाता है लाइनपार हर समय जल भराव की स्थिति रहती है।हाल ही में लाइन पार लगभग 200 मी हाईवे तक निर्माण कार्य चल रहा है बरसात के चलते निर्माण रुक गया हे। हाईवे के निकट पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है । यह पानी चांदपुर मंगोल जाकर बेकाबू हो जाता है वहां पर किसानों की फसले जहरीले पानी से बर्बाद हो जाती है।यह पानी अब चांदपुर मंगोल गांव तक पहुंच गया है आज उन्होंने इसको लेकर विरोध जताया प्रशासन व नगर पंचायत कुंदरकी एवं जनप्रतिनिधि से इस बेकाबू पानी निकासी व्यवस्था करने की मांग की इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान मक्खन सिंह विजयपाल प्यारेलाल राजेशन सैनी हरि सिंह बृजेश रामप्रसाद जतिन आकाश विनोद सुरेश मोनु धर्मेंद्र नरेश सिंह राकेश जितेंद्र आदि रहे।

## नगर में निकाली गई शोभायात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर वाल्मिक समाज द्वारा नगर में शोभायात्रा ढोल बैंड बाजा और डीजे के साथ निकाली, आतिशबाजी की गई। मोहल्ला कोरियान वाल्मीकि मंदिर पर सभी झांकी एकत्र हुईं। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुरेश सैनी, नगरमंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, राजू गुप्ता एडवोकेट, भावाधस प्रमुख लल्ला बाबू द्रविड़, बाल्मिक समाज के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सहदेव, कमेटी अध्यक्ष शिंभू वाल्मीकि, आजाद राव रत्नाकर, गजराम सिंह वाल्मीकि, जीतू, नीरज, प्रदीप, संजय वाल्मीकि आदि को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत अतिथियों ने भगवान वाल्मीकि के रथ वाली झांकी का फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया और सबने मिलकर रथ खींचा। गौरव कुमार की ओर से केला वितरण और सतपाल ने हलवे का प्रसाद बांटा। घोड़ा डांस आकर्षण रहा। शोभा यात्रा में भगवान वाल्मीकि के साथ लव कुश, गणेश जी, मां सरस्वती, राधा कृष्ण, दुर्गा मां, खाटू श्याम जी, महाकालेश्वर आदि अनेक सुसज्जित झांकियां सम्मिलित थीं। जिन पर फूल बरसाए गए जयकारे लगाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी शोभा यात्रा पर फूल बरसाए गए। सुरक्षा के लिए भारी तादाद में पुलिस तैनात थी।

## ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में विधिवत धूमधाम से मनाई गई भगवान वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती को बहुत ही दिव्य और विधि विधान से पूजा अर्चना कर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदनगर, अस्लेमपुर, सुर. जननगर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह की मौजूदगी में मनायी गई। इस अवसर पर एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके चरण कमल में पुष्प अर्पित करके कोटि-कोटि नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन काल की घटनाओं और उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर सुरजननगर ग्राम प्रधान वीर सिंह उर्फ वीरू पधान, ग्राम सचिव विकास कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



### शरद पूर्णिमा की रात्रि को चांदनी रात में खीर रखने का है प्रचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में शरद पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्य करता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं मैं होता है। दूसरी मान्यता है कि इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी धरती पर आई थी। पूर्णिमा पर खीर बना कर चांदनी रात में रखना का विशेष महत्व है। मंगलवार को शरद पूर्णिमा पर्व पर बोलते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। अश्विन माह में आने वाली पूर्णिमा को सभी पूर्णिमा में श्रेष्ठ माना जाता है। इस शुभ तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। ग्रामीण अंचल में ग्रहणी चावल के अबलेह से दरवा. जे पर चंद्रमा की आकृति बनाकर विशेष पूजा अर्चना करती हैं। इस दिन को धन की देवी मां लक्ष्मी के प्रकट दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं में मान्यता है कि द्वापर युग में जगत के पालनहार भगवान श्री कृष्ण ने धवल चांदनी में महारास किया था। इससे इंद्रदेव ने प्रसन्न होकर अमृत की वर्षा की थी। दूसरा यह है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है। इसी वजह से शरद पूर्णिमा को चांदनी की रोशनी में खीर को रखा जाता है ऐसा करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती है धन- धान्य सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## शांतिभंग के आरोप में चार गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** घर में घुसकर मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने मारपीट में मुकदमा लिखवाने लेकर दोवारा मारपीट करने पर शांति भंग के आरोप में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

बतादें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव लौंगी खुर्द निवासी दीपक चौहान पुत्र हरपाल सिंह तीन दिन पूर्व दूसरे समुदाय गांव के ही सलमान पुत्र मौ0 यासानी , उस्मान, फरमान पुत्रगण मौ0 यासीन व फरामन पुत्र शौकत अली एक राय होकर लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट कर घायल दिया था।

दीपक चौहान की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुक. दमा दर्ज कर लिया। मंगलवार को पुनः दीपक चौहान से मुकदमा लिखवाने को लेकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चारो आरो. पितों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारो आरोपितों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गय है।

## अमन खुराना को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** समाज के उत्थान और जनसामान्य के हित में उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए अमन खुराना (अध्यक्ष, अमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी) को जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेन्द्र पेन्सिया द्वारा वर्ष 2025-26 का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश-2047 की रूपरेखा के अनुरूप समाजहित में दिए गए ठोस सुझावों और संस्था द्वारा संचालित उल्लेखनीय सामाजिक अभियानों के लिए दिया गया। प्रशस्ति पत्र पर चार वरिष्ठ अधिकारियों अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्वास और जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेन्सिया के हस्ताक्षर हैं। बता दें कि अमन खुराना की संस्था 10 रु0 भोजन सेवा, निःस्वार्थ एम्बुलेंस सेवा,



मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा अभियान और ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। संस्था बिना सरकारी सहायता के समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रही है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अमन खुराना ने कहा कि यह प्रशस्ति पत्र मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश-2047 के विजन को साकार करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। वह सभी वरिष्ठ अधिकारियों का हृदय से आभारी हैं जिन्होंने उनके प्रयासों को सराहा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि संस्था आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और जन सह भागिता के क्षेत्र में नई योजनाएँ प्रारंभ करेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुँचाया जा सके।

## डॉ. विदुषी सिंह ने संभाला जनपद न्यायाधीश का कार्यभार

### नवागंतुक जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में मंगलवार को नवागंतुक जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह का स्थान लिया, जिनका हाल ही में स्थानांतरण हो गया है। डॉ. विदुषी सिंह के आगमन पर न्यायिक अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अपर जनपद न्यायाधीश आरती फौजदार, स्पेशल जज (एससी/एसटी एक्ट) रागिनी, एडीजे (पॉक्सो) अवधेश कुमार सिंह, सीजेएम विभांशु सुधीर, सिविल जज (सी.डी.) चन्दौसी पराग यादव, तथा सिविल जज (जू. डी.) गुन्नौर नाजिम अकबर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें फूलों के बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई, जिसे डॉ. विदुषी सिंह ने मंच पर न जाकर हाथ जोड़कर नमन करते हुए स्वीकार किया।

बता दें कि डॉ. विदुषी सिंह वर्ष 1993 में न्यायिक सेवा में शामिल हुई थीं और अब तक बिजनौर, बुलंदशहर, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, सीतापुर, इटावा और मथुरा सहित कई जनपदों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी हैं। उनका हाल ही में जनपद महोबा से संभल न्यायालय (चन्दौसी) के लिए स्थानांतरण किया गया है। उनके आगमन पर न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण रहा।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सपा ने श्रद्धा व सम्मान से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई सम्भल की बैठक मंगलवार को सपा नेता सुभाष वाल्मीकि के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की तथा संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने घोषणा की कि 22 नवंबर 2025 को समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस के अवसर पर सुभाष वाल्मीकि द्वारा मूर्ति की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचार समा. जवादी सोच की जड़ों में बसते हैं, जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर मिले। उनकी प्रेरणा से हम सामाजिक न्याय और बराबरी वाले समाज के निर्माण का संकल्प दोहराते हैं।

सुभाष वाल्मीकि ने कहा कि जब वाल्मीकि समाज का प्रतिनिधि विधानमंडल में बैठेगा, तभी समाज की आवाज सशक्त रूप में गूंजेगी। आज आवश्यकता है कि हम केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति निर्माता बनें। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचयिता थे और उन्होंने समाज को सदैव सत्य, धर्म और मार्गदर्शन की शिक्षा दी। बैठक में विमलेश कुमारी, राजेश कुमारी, संगीता पाल, ताहिर उल्ला, सुभाष कुमार वाल्मीकि, उमेश यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, शोभित कुमार काका, हरवीर यादव, शारदा यादव, सुनीता देवी, सुशीला देवी, पूरन लाल मौय, राजेश चौहान, कामरेड रेवाराम, बाहिद साहब, हरिओम उपाध्याय, मलखन सिंह, आकिल, दाताराम भारती, जुनेद, रत्नेश भारती, सलीम राइन, राजीव रस्तोगी, सभासद अन्ना, रिकु सिंह चौहान, जयवीर सिंह, अमरीश यादव, रजत यादव, सुभाष पाल, मनोज शर्मा, असीम अग्रवाल, विपिन सक्सेना, होराम सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी**
**विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद**

पत्रांक 01/ग्रा.पं.सरकड़ा परमपुरमाफी/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26, दि.: 07.10.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी वि०ख० ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अर्न्तगत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 08.10.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 16.10.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 16.10.2025 | सांय 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे शीर्ष पहलवान

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तर रेलवे के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन आज सुबह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07 से 09 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन से आए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### मिमी रोड्स ऑर्डर ऑफ मेरिट के खिताब की तलाश में

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारत में प्रमुख लेडीज यूरोपियन टूर इवेंट के रूप में, हीरो महिला इंडियन ओपन एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है जहां वैश्विक प्रतिभाओं का भारतीय उत्कृष्टता से मिलन होता है – एक ऐसा मंच जो न केवल महिला गोल्फ का जश्न मनाता है, बल्कि अक्सर सीजन के भविष्य को आकार देने में भी निर्णायक साबित होता है। इस साल, सबकी नजरें इंग्लैंड की उभरती हुई स्टार मिमी रोड्स पर हैं, जो तीन जीत और प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट खिताब जीतने के मौके के साथ भारत पहुंच रही हैं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक शानदार प्रदर्शन पूरे सीजन के लीडरबोर्ड में शीर्ष पर उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है और एक शानदार साल का समापन कर सकता है।

### आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शॉटगन निशानेबाज एथेंस, ग्रीस में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 8 से 19 अक्टूबर तक ग्राजधानी के मालाकासा शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। कुल पांच पदक स्पर्धाएँ – पुरुष और महिला ट्रैप व स्कीट, साथ ही ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट–जो सभी ओलंपिक इवेंट हैं, सात दिनों तक चलेंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 अक्टूबर, 2025 से होगी। कुल 68 संघों के 406 खिलाड़ी 518 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें छह मौजूदा ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। भारत ने 12 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें एशियाई चैंपियंस–पुरुष स्कीट में अनंत. जीत सिंह नरूका और महिला ट्रैप में नीरू धांडा – शामिल हैं। हाल ही में समाप्त शिमकेंट एशियन चैम्पियनशिप के पुरुष ट्रैप रजत पदक विजेता भवनीश व महिला ट्रैप कांस्य पदक विजेता आशिमा भी है।

# रैंकिंग में मंधाना टॉप पर कायम




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की वीकली विमेंस रैंकिंग अपडेट हो चुकी है। भारत की लेफ्ट हैंड बैटर स्मृति मंधाना नंबर–1 बैटर बनी हुई हैं। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा भी छठे नंबर पर पहुंच गईं। टीमों में इंडिया विमेंस तीसरे नंबर पर बरकरार है। एश्ले गार्डनर टॉप–5 में पहुंचीं विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में शतक लगाने वालीं एश्ले गार्डनर को 7 स्थान का फायदा मिला। वे वनडे बैटर्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज भी 2 स्थान ऊपर उठकर चौथे पर पहुंच गईं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन 7 स्थान सुधरकर 8वें पर आ गईं।

● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा छठे नंबर पर खिसकीं**

भारत की स्मृति मंधाना नंबर–1, इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर ब्रंट दूसरे नंबर और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे नंबर पर कायम हैं। बैटर्स रैंकिंग में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वे 16वें नंबर पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा 17वें नंबर पर आईं। स्मृति मंधाना ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों पर शतक लगाया था। बॉलर्स में दीप्ति को नुकसान वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ, वे टॉप–5 से बाहर होकर छठे नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप ने उन्हें पीछे धकेला। इंग्लैंड की सोफी एकलस्टन टॉप पर हैं। दूसरे से चौथे नंबर तक ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, मेगन शट और किम गार्थ हैं। विमेंस वनडे आलराउंडर्स रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप को एक स्थान का नुकसान हुआ। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, इस कारण वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर आ गईं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नंबर–1 और भारत की दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर कायम हैं। भारत की स्नेह राणा 12 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर जरूर आ गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर कायम हैं।

ऑस्ट्रेलिया टॉप टीम वनडे टीमों में ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर कायम हैं। टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, यह वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही अपडेट होगी। टी–20 टीम और प्लेयर्स रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। टी–20 में भी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ही टॉप–3 पोजिशन पर हैं।

# चीन की युआन ने हार का बदला लिया

● **विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने 2:21 मिनट में मैच जीता**

**वुहान, चीन।** चीन की युआन यू ने सोमवार को 2025 वुहान ओपन के अपने पहले मैच में इटली की लूसिया ब्रोंज़ेटी को दो टाईब्रेक सेटों में हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि वांग शिन्यू को जापान की उचिजिमा मोयुका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने दो घंटे 21 मिनट तक संघर्ष करते हुए ब्रोंज़ेटी को 7–6 (2), 7–6 (1) से हराया, जिसमें लंबी रैलियां भी शामिल थीं। युआन ने कहा कि यह वाकई एक रोमांचक मुकाबला था, दोनों सेट टाईब्रेक तक गए और हर अंक महत्वपूर्ण लगा। मुझे खुशी है कि मैंने आज रात महत्वपूर्ण क्षणों को अच्छी तरह से संभाला। यह जीत युआन के लिए खास थी, जो 2021 में इतालवी क्ले कोर्ट पर ब्रोंज़ेटी से 6–1, 6–1 से हार गई थीं।

युआन ने कहा कि उस समय मैं बुरी तरह हारी थी। आज रात मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे सचमुच पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने कितना सुधार किया है। युआन की अगली प्रतिद्वंदी इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी होंगी। सोमवार को ही, दुनिया की 91वें नंबर की खिलाड़ी मोयुका, जिन्होंने क्वालीफायर में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और चीन की वांग ज़ियू को हराया था।

● आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड का ऐलान

# अभिषेक शर्मा-कुलदीप यादव नामित हुए




**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितम्बर) अवार्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है।

इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं, कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितम्बर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी–20 मैचों

● **जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी रेस में शामिल**

में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्द्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी–20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पाइंट्स है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में 314 रन बनाए। कुलद. ीप यादव ने 17 विकेट लिए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनामी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4–4 विकेट भी लिए। कुलदीप यादव ने एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए। ब्रायन के नाम 497 रन जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितम्बर में शानदार फार्म में रहे। टी–20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहली 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

# मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे विजाग स्टेडियम के स्टैंड

● **यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर बल्लेबाज रवि कल्पना के नाम पर विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड रखे जाएंगे। 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप का भारत का मैच होने से पहले इस स्टैंड का उद्घाटन होगा।

अगस्त में ब्रेकिग द बाउंड्रीज चैट के दौरान भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने आंध्र प्रदेश के आईटी मिनिस्टर नारा लोकेश को सुझाव दिया था जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। एसीए ने अपने बयान में कहा कि मिताली राज और रवि कल्पना को समर्पित एसीए का यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी है। मंत्री लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना का विचार जनता की व्यापक भावना को दर्शाता है। उस सुझाव को तुरंत अमल में लाना हमारे सामूहिक संकल्प को दिखाता है। लैंगिक समानता के प्रति और महिला क्रिकेट की अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति। मिताली महिला क्रिकेट की दिग्गज़ों में से एक है जिनके नाम महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत के साथ 7805 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक शामिल रहे हैं। भारत के लिए खेले 89 टी–20 मैचो में उन्होंने 17 अर्द्धशतकों के साथ 2364 रन बनाए हैं।

# धोनी ने ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया



**चेन्नई, वार्ता।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता, गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के डीजीसीए–अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिन्हित करती है। यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे

● **यह निवेश और ब्रांड एबेसेडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेश के साथ जुड़ाव को मजबूत करता है**

गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद, धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है।

यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ–साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं। गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है। धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा कि हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा ्रोत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप हुए लाबुशेन रेनशॉ को मिला मौका

**मेलबर्न, वार्ता।** मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह क्वींसलैंड के साथी खिलाड़ी मैट रेनशॉ को फॉर्मेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

लाबुशेन का बाहर होना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली 10 वनडे पारियों में केवल 47 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया है। अगर मैथ्यू शॉर्ट, जो इस टीम में शामिल हैं, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले साइड स्ट्रेन के कारण बाहर नहीं होते तो शायद लाबुशेन तब भी नहीं खेलते। इस बार उनके बाहर होने का फायदा यह है कि वह शेफील्ड शील्ड में टेस्ट वापसी के लिए दबाव बना सकते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत तस्मानिया के खिलाफ 160 रन की पारी से की है। रेनशॉ को यह मौका उनकी लिस्ट–ए क्रिकेट में शानदार फॉर्म की बदौलत मिला है जिसमें डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। रेड–बॉल क्रिकेट में वह इस समय ओपनिग कर रहे हैं और एशेज के लिए एक संभावित विकल्प भी हैं, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट में वह ज़्डादातर नंबर 3 या 4 पर खेलते रहे हैं। नवम्बर 2021 से अब तक उनका औसत 48–68 रहा है और सात करियर शतकों में से छह इसी दौरान आए हैं। वह ज्20 क्रिकेट में भी प्रभावशाली मिडल–ऑर्डर बल्लेबाज बन चुके हैं। वह पहले भी 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। मिचेल स्टार्क, जिन्होंने पिछले नवम्बर के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है, भी टीम में लौट आए हैं। यह चयन उपलब्ध खिलाड़ियों में से एक पूर्ण शक्ति वाली टीम को दर्शाता है। एलेक्स केरी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलेंगे ताकि वह साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड का दूसरा राउंड खेल सकें।

# सभी प्रारूपों में मप्र की कप्तानी करेंगे रजत




**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार को 2025–26 घरेलू सीजन की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है, जो रणजी ट्रॉफी के साथ 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पाटीदार ने शुभम शर्मा की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित से मिली है। समझा जा रहा है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पाटीदार की हालिया सफलताओं के बाद उनके लिए एक बड़ी भूमिका चाहता था। 32 वर्षीय पाटीदार को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पहली बार कप्तान के रूप में आजमाया गया था जब उन्होंने पंडित से आईपीएल में रॉयल

● **पाटीदार ने शुभम की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक से मिली**

चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी तरह की संभावना पर बात की थी। उन्हें कप्तानी दी गई और उन्होंने एमपी को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम मुंबई से हार गई थी। पाटीदार ने इसके बाद आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया और हाल ही में उन्होंने सेंट्रल ज़ोन की कप्तानी करते हुए दलीप ट्रॉफी में 2014–15 के बाद पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। पिछले हफ्ते पाटीदार ने ईरानी कप में एक मजबूत रेस्ट ऑफ इंडिया टीम की कप्तानी की जिसमें ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी थे जो अपने राज्यों की कप्तानी करते हैं। हालांकि, टीम को विदर्भ के हाथों 93 रनों से हार झेलनी पड़ी। पाटीदार ने 2024–25 रणजी सीजन में 11 पारियों में 48–09 की औसत से 529 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। यह उस सीजन में एमपी के लिए शुभम शर्मा के 943 रनों (औसत 104–77) के बाद दूसरे सबसे ज़्डादा रन थे। इस सीजन में भी पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात पारियों में दो शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। उनका एक शतक दलीप ट्रॉफी के फाइनल में आया जिसने सेंट्रल ज़ोन को पहली पारी में बढ़त दिलाई और अंततः साउथ ज़ोन पर छह विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। एमपी अपनी रणजी ट्रॉफी मुहिम की शुरुआत पंजाब के खिलाफ इंदौर में घरेलू मैच से करेगी। रणजी सीजन दो चरणों में खेला जाएगा। पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक होगाी

### महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिग में ब्रिट्स करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स इस सप्ताह जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिग में दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की छह विकेट की जीत में ब्रिट्स 101 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का यह शतक इस साल उनका पांचवां शतक है, जिससे यह किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाये गए अब तक के सबसे ज़्डादा शतक हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर सात स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों में 697 रेटिग अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में हो सकती है पंत की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 अक्टूबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025–26 के दूसरे राउंड में ऋषभ पंत एक्शन में वापसी कर सकते हैं।

इसके साथ ही वह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। यह उसी लाइन में है जैसा कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित करते समय संकेत दिया था। जुलाई के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पंत अब अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस हफ्ते के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फटिनेस टेस्ट से गुजरने वाले हैं। उनके पैर से तीन सप्ताह पहले प्लास्टर हट गया था और अब वह बिना किसी तकलीफ के चल–फिर रहे हैं।

पंत ने अपने पैर की मजबूती के लिए मोबिलिटी एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिग ड्रिल्स शुरू कर दी हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी भी दोबारा शुरू कर दी है। यदि फिटनेस टेस्ट में उन्हें क्लियरेंस मिल जाती है, तो पंत के दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है, जो रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अनुसार, इस मैच के लिए पंत की उपलब्धता थोड़ी संदिग्ध है। पंत पिछले जुलाई से मैदान से बाहर हैं, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए अपने ही पैर पर गेंद मार ली थी। उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

हालांकि वह अगले दिन दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे, लेकिन विकेटकीपिग नहीं कर पाए। पंत ने उस सीरीज में चार टेस्ट में 479 रन बनाए थे, जिनमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज़ के लिए ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को विकेटकीपर के रूप में चुना है। पंत ऑस्ट्रेलिया के 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे से भी बाहर रहेंगे क्योंकि उन्हें अभी तक सीओई से षरिटर्न टू प्लेष सर्टिफकिट नहीं मिला है।

### हेनिल व खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को 135 पर समेटा

**मैकाय, वार्ता।** हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने तीन–तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को पहली पारी में 135 रन पर समेट दिया। भारत अंडर 19 ने इसके जवाब में स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बनाकर नौ रन की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 की तरफ से एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया। हेनिल ने 21 रन पर तीन विकेट, खिलन ने 23 रन पर तीन विकेट और उद्धव मोहन ने 23 रन पर दो विकेट लिए। जवाब में भारत अंडर 19 ने स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बना लिए। भारतीय टीम ने 82 रन पर अपने छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन खिलन ने 26 और हेलिन ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को संभाला और बध्त दिलाई। वेदांत त्रिवेदी ने 25 और वैभव सूर्यवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। स्टंप्स के समय हेनिल के साथ दीपेश देवेन्द्रन छह रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से कैसी बार्टन ने तीन और विल बायरोम ने दो विकेट लिए।

# बहन की शादी के कार्ड बांटने निकले भाई का मिला शव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर मंगलवार दोपहर एक शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार जोगीपुरा बनियाठेर निवासी राहुल पुत्र किसन (22) मंगलवार को अपनी मौसेरी बहन की शादी का न्योता देने के लिए कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव मोसमपुर दूसरी मौसी के घर गया था, तभी घर लौटते समय इसी बीच कुंदरकी थाना क्षेत्र की सीमा पर एक युवक का शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया।

सूचना पाकर कुंदरकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, युवक की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी शिनाख्त राहुल पुत्र किसन निवासी जोगीपुरा बनियाठेर के रूप में हुई, अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है, क्षेत्र में युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत रेलवे ट्रैकों को स्वच्छ बनाने का किया गया कार्य

**मुरादाबाद।** रेलवे मंडल मुरादाबाद में स्वच्छता पखवाड़ा -2025 अभियान संचालित किया जा रहा है,जिसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों एवं अलग-अलग विषयों को आधार बनाकर स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है।मंगलवार को इस अभियान के 7वें दिवस पर स्वच्छ पटरी विषय के आधार पर पूरे मंडल में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।मंडल में सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्टेशन यार्ड, रेलपथ को स्वच्छ रखने के लिए कार्य किया गया। मंडल के हरिद्वार, बरेली, देहरादून, रूड़की, शाहजहांपुर, रामपुर, हापुड़, हरदोई, योगनगरी ऋषिकेश एवं मुरादाबाद स्टेशन पर पूरे स्टेशन यार्ड में व्यापक रूप से स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।इसके साथ-साथ मंडल में यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं मंडल से गुजरने वाली गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। सभी के सहयोग से ही स्वच्छता को नियमित रूप से बनाए रखा जा सकता है। मंडल में संचालित होने वाली गाडियों में यात्रीगण कूड़ा,गंदगी को डस्टबिन में न फेंककर गाड़ी के दरवाजों एवं खिडकियों के द्वारा रेलवे ट्रैक पर फेंक देते है, जिससे रेलवे ट्रैक पर गंदगी के साथ- साथ स्टेशन यार्ड की नालियां, पानी की खाली बोतलों, पोलीथिन, प्लास्टिक पैकेट्स के कूड़े से जाम हो जाती है। आज रेलवे ट्रैक की स्वच्छता पर पूरे मंडल में स्वच्छता अभियान संचालित कर रेलवे ट्रैक को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया।

# मुठभेड़ में चेन स्नेचर गिरफ्तार

### घायल हालत में बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा लगातार जारी है। अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस एक के बाद एक मुठभेड़ में बदमाशों को ढेर या घायल कर रही है। इसी क्रम में मुरादाबाद में मझोला थाना क्षेत्र के हर्बल पार्क के पास पुलिस और बाइक सवार तीन बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी मौका पाकर फरार हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, 6 सितंबर को शहर की पॉश कॉलोनी मानसरोवर में एक महिला के साथ चौन स्नैचिंग की घटना हुई थी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम जब मझोला क्षेत्र में हर्बल पार्क के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी तीन संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को देखते ही फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई।पकड़े गए घायल बदमाश ने पुलिस को पूछताछ में अपना नाम हामिद बताया है, जो थाना कटघर क्षेत्र के कोहिनूर तिराहा ख्वाजा नगर का निवासी है। पुलिस ने हामिद के पास से एक तमंचा, दो कारतूस, एक बाइक और स्नैचिंग में प्रयुक्त चौन बरामद की है। वहीं उसके दो साथी रफी और अर्जुन मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस दोनों की तलाश में दबिश दे रही है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश हामिद वही है जिसने मानसरोवर कॉलोनी में महिला से चौन छीनी थी। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब फरार उसके दोनों साथियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## वाल्मीकि जयंती पर तैयारियां रहीं चाक-चौबंद

### बारिश के दौरान छाता लेकर निकले नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुरादाबाद।** भगवान बाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। बारिश के बावजूद नगर निगम की तैयारियाँ और जोश कम नहीं हुआ। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम सुबह से ही व्यवस्थाओं में जुटी रही।महानगर में मंगलवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश के बीच नगर आयुक्त स्वयं सड़कों पर उतरे। छाता थामे नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और उनकी टीम ने पैदल ही शहर की सफाई व्यवस्था और जयंती स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। यह नजारा देखकर स्थानीय लोग हैरान रह गए, क्योंकि बारिश में भी प्रशासनिक टीम का इस तरह सक्रिय रहना लोगों को बेहद प्रेरणादायक लगा। नगर निगम द्वारा अखंड रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने भगवान बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। ताकि



श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर निगम की इस तत्परता ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है। भगवान बाल्मीकि जयंती का यह आयोजन धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जनसेवा की भावना का प्रतीक बन गया है।

## वाल्मीकि जयंती पर कुंदरकी विधायक ने कर्मचारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया

### दीपावली के लिए दीपक भी भेंट किए

**कुंदरकी।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कुंदरकी नगर में भगवान वाल्मीकि मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह शामिल हुए। विधायक ने भगवान वाल्मीकि की मूर्ति के सम्मुख पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ने कहा भगवान वाल्मीकि भारत की ऋषि परंपरा, सनातन धर्म के भाग्य विधाता हैं। वे हम सभी के रोम-रोम और श्वांस-श्वांस में भगवान राम का वास कराने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि भी हैं। महर्षि वाल्मीकि दुनिया के पहले सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य को रचने वाले आदिकवि भी हैं। कल ही हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मिकी जयंती की पूर्व संध्या पर सफाईकर्मियों को उनके खाते में 16 से 20 हजार रुपये सीधे भेजने को कहा है। जिससे उनका किसी प्रकार का शोषण न हो। जल्द इसका शासनादेश जारी होगा। साथ ही



सबके स्वास्थ्य की चिंता करने वाले सफाईकर्मियों की चिंता सरकार कर रही है। सभी सफाईकर्मियों और उनके परिवार को पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा (आयुष्मान कार्ड) का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी घोषणा भी कल मुख्यमंत्री ने की है। कुंदरकी विधायक ने इस अवसर पर कुंदरकी नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारियों को पटका पहनाकर, मिष्ठान और उपहार वितरित कर सम्मानित भी किया। साथ ही आने वाले दीपावली पर्व के लिए दीपक भी भेंट किए। कुंदरकी नगर के पश्चात कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह ग्राम सौंदा और रतनपुर कलां में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, कार्यक्रम संयोजक सुभाष वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, बाबू वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, संजय दिवाकर, डक्कइंद्र कुमार अग्रवाल, अरविंद, अजय कुमार, जगपाल, जयपाल चौधरी, प्यारेलाल, सुखवीर आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना कुंदरकी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा मिशन शक्ति 5 .0के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया और एक रैली का आयोजन भी किया गया इसके उपरांत छात्रों को महिला सुरक्षा आत्मसम्मान, महिला स्वाभिमान के बारे में विस्तार से बताया गया और छात्राओं को 1098, 112 ,1090, 108 आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश शर्मा द्वारा तथा श्रीमती प्रियंका द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भरता के बारे में बताया इसमें कॉलेज स्टाफ नवनीत कुमार अमित कुमार ज्योति जैन आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्यामवीर सिंह द्वारा किया गया।

## खराब मौसम का फायदा उठाकर चोरों ने किसान के घर से किया दो भैस पर हाथ साफ



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** खराब मौसम का फायदा उठाते हुए चोरों ने रात में एक किसान के घर बंधी हुई दो भैसो पर हाथ साफ कर दिया किसान को घटना का पता चला तो उसने पुलिस को सूचना दी। लेकिन भैंसो का पता अभी तक नहीं चल पाया है। सोमवार की शाम को मौसम खराब हो गया तेज हवाओं और बारिश के कारण क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई रात को अंधेरा छाया तो यह चोरों के लिए फायदे का सौदा साबित हो गया चोर थाना क्षेत्र के गांव देहरी जुम्मन पहुंचे और वहां के किसान थान सिंह पुत्र गोविंद सिंह के घर में बंधी दो भैंसों को खोल कर ले गए सुबह किसान ने भैंस गायब देखी तो आसपास उनकी तलाश की गई घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई लेकिन चोरी गई भैंसों का कोई पता नहीं लग पाया किसान ने चोरों को पकड़ कर उनके खिलाफ पुलिस से कार्यवाही कराए जाने की गुहार लगाई है।

## माता महाकाली की मूर्ति को खंडित कर रहे नशेड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** माता महाकाली की मूर्ति को खंडित कर रहे युवक को पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया बाद में पता चला की हिरासत में लिया गया युवक नशे का आदी है पुलिस कि इस कार्रवाई से लोगों में पनप रहा आक्रोश भी शांत हो गया और मूर्ति के सेवक ने माता महाकाली की मूर्ति की मरम्मत करने का काम भी शुरू कर दिया है। शेरपुर निवासी हरकिशन ने करीब 1 साल पहले शेरपुर और टांडा गांव के बीच सड़क किनारे जंगल में माता महाकाली और भगवान शिव की मूर्ति का निर्माण करके उनकी स्थापना की थी। हरकिशन तभी से सुबह शाम माता महाकाली की पूजा करता चला रहा है धुना लगाने के लिए उसने कुछ ईंटें खड़ी करके पन्नी डालकर एक कुटिया बना रखी है। राहगीरों के पानी पीने के लिए वहां एक हैंडपंप भी लोगों के सहयोग से लगा हुआ था। आज दोपहर करीब 1:00 बजे डायल 112 उस मार्ग से गुजरी तो एक युवक माता महाकाली के पैरों में लेटे हुए भगवान शिव के ऊपर चढ़कर मूर्ति को तोड़ने का काम करता दिखाई दिया। डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने तुरंत उस युवक को हिरासत में ले लिया और थाने को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही थाने से भी पुलिस मौके पर पहुंच गई लोगों को पता चला तो शेरपुर और टांडा गांव के लोग वहां पर इकट्ठे हो गए।युवक की इस हरकत पर आक्रोष पनपने लगा लेकिन कुछ लोगों के युवक को नशेड़ी बताने पर मामला शांत हो गया। पुलिस युवक को उठाकर थाने ले आई पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में पनप रहा आक्रोश भी शांत हो गया। युवक शेरपुर गांव के श्योबीर का लड़का टिंकू सैनी निकला पुलिस के समझाने पर हरकिशन ने खंडित मूर्ति की मरम्मत करने का काम शुरू कर दिया।

बताया गया कि युवक ने इससे पहले वहां खड़े हैंडपंप को भी तोड़ डाला टांडा गांव के लोगों का कहना था की शेरपुर गांव में दूसरे धर्म के लोग नहीं रहते हैं और नजदीकी गांव टांडा होने के कारण अगर युवक मौके से नहीं पकड़ा जाता तो इसका आरोप दूसरे धर्म के लोगों पर भी आ सकता था इससे आसपास का माहौल बिगड़ने के भी पूरे आसार थे लेकिन पुलिस की तत्परता से शांत हुए माहौल पर दूसरे धर्म के लोगों ने भी राहत महसूस की है।

## जयंती पर सपाइयों ने महर्षि वाल्मीकि को पुष्प अर्पित कर किया नमन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महऋषि वाल्मीकि जयंती मनाई गई।जिसमे



पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा मुख्य सचेतक विधानसभा विधायक कमाल अख्तर ने बोलते हुए कहा कि वाल्मीकि जी संस्कृत के ज्ञाता थे उन्होंने बहुत से ग्रंथ लिखे जिनमें बाल्मीकि रामायण सबसे प्रसिद्ध है उनके आश्रम पर रहते हुए माता सीता ने लव और कुश को जन्म दिया जिनका पालन पौषण तथा शिक्षा आश्रम पर रहते हुए महर्षि वाल्मीकि जी ने किया वाल्मीकि जी अपने समय के सबसे विद्वान ऋषि रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष नाजिम अली सैफी, अमजद अली, मुकेश कुमार यादव प्रधान, विजेन्द्र सिंह, अंजार, डॉ जुवैर, शकलैन, मुजीब,रासिद सैफी,चरन सिंह प्रधान, तस्लीम प्रधान, भूरा खान, ताहिर बाबा आदि लोग मौजूद रहे।

## राजपाल सिंह प्रजापति ने माता रानी के जागरण का दीप प्रज्वलित करके कराया शुभारंभ

**कांठ( शाह टाइम्स )** बाल्मीकि जयंती पर माननगर में माता रानी के जागरण का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह



प्रजापति एवं पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत कांठ ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधि विधान के साथ माता रानी के जागरण की ज्योत को प्रज्वलित करके शुभारंभ कराया। इस अवसर पर आशुतोष सैनी मोहित कुमार थापर जीतू चौहान धर्मवीर सिंह प्रजापति रामपाल सिंह प्रजापति प्रेम सिंह उर्फ पप्पू कुंवार पाल सिंह प्रजापति दानवीर सिंह सभासद चमन सिंह गोला सभासद हरि सिंह जाटव अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव गौरव कुमार बिश्नोई वीरेंद्र कुमार प्रजापति विकास सैनी सोनू सैनी अविनाश कुमार विश्वास कुमार हिमांशु अभिषेक दिवाकर एडवोकेट सचिन कुमार जाटव डॉक्टर मोहित कुमार पाल आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति-5.0 के तहत ग्राम मुडियाखेड़ा में थाना कुढ़फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक ओमवीर बालियान, हे0 का0 विपिन व प्रीति, का0 कासिम द्वारा महिलाओं/बालक/बालिकाओं को गुड टच-बेड टच की जानकारी दी गई और उन सभी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याण कारी योजनाएं एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090, हेल्पलाइन 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं० 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई व घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने व उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई और सभी की समस्याओं को पूछा गया। इस संबंध में 17 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए।

# 76वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का रंगारंग उद्‌घाटन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** माध्यमिक विद्यालयों की 76वीं जनपदीय शैक्षिक युवक क्रीडा समारोह का भव्य शुभारंभ एस एस इंटर कॉलेज मुरादाबाद में हुआ। उद्‌घाटन समारोह में जनपद के विभिन्न संकुलो से आए हुए बालक तथा बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार पांडे जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय मुरादाबाद ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई गई तथा महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के सम्मुख श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया । सभी संकुलो के छात्र-छात्राओं के द्वारा सुंदर मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया जिसकी अगुवाई जी जी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद के घोष बैंड ने की। आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के द्वारा मशाल प्रज्वलित की गई तथा मशाल लेकर गत वर्ष की चौंपियन आशी यादव ने ट्रैक के चक्कर लगाए तत्पश्चात उन्होंने शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम प्रारंभ होने की घोषणा की। प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी अतिथि वृद्ध का स्वागत स्वागत गीत के माध्यम से प्रभादेवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया जिसकी सभी ने सराहना की । कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा आकर्षक कृष्णा सत्यभामा संवाद प्रस्तुत किया गया जिसने सभी दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शिक्षा के महत्व को लेकर एक लघु नाटिका नृत्य प्रस्तुत किया जिस पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों पर सभी दर्शकों ने तालियो की गड़गड़ाहट के साथ भरपूर प्रसंशा की। मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार पांडे ने सभी को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तथा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। वित्त एवं लेखाधिकारी श्री राकेश चंद्र मौर्य अपने संबोधन में खिलाड़ियों के पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ प्रतिभाग करने का संदेश दिया । । कार्यक्रम के संयोजक बालिका वर्ग डॉ0 नीति भारद्वाज प्रधानाचार्या ,बलदेव आर्य



कन्या इंटर कॉलेज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संयोजक बालक वर्ग श्री रवि कुमार प्रधानाचार्य एस एस इंटर कॉलेज मुरादाबाद में सभी अतिथि वृंद के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन जनपदीय क्रीड़ा सचिव एवं प्रवक्ता जी जी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद बंश बहादुर ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 मुक्ता अग्रवाल, डॉ0 मधुबाला त्यागी, श्रीमती रेणुका जोयल, छोटेलाल, विजय कुमार, मुरारी लाल, राजीव कुमार शर्मा, श्रीमती पूनम भटनागर, वीर सिंह, जीवन सिंह ,दिनेश चंद शर्मा ,कृपा शंकर ,शमशाद हुसैन, राजपाल सिंह, योगेंद्र कुमार, संजीव कुमार, नीतिपाल ,सुमित कुमार शर्मा, विपिन कुमार, राहुल कुमार, देवलंकर, सुखलेश शर्मा, नित्यानंद त्रिवेदी, मुकेश कुमार सिंह, दुष्यंत कुमार, हरिकिशन आदि प्रधानाचार्य ,शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे । जनपदीय क्रीड़ा प्रभारी सैयद आसिफ हसन ने बताया कि रैली के प्रथम दिवस बारिश की वजह से खेल के इवेंट नहीं हो सके , खेल के इवेंट्स कल सुबह 8 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

## 35बी रेलवे फाटक मार्ग अधूरा दुर्घटनाओं का खतरा बरकरार

**चन्दौसी।** पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा अपने कार्यकाल में 35बी रेलवे फाटक पर कब्रिस्तान की दीवार हटाकर और पेट्रोल पंप के पास से अतिक्रमण हटाकर मार्ग चौड़ा कराया गया, लेकिन रेलवे का कुछ हिस्सा अब भी अधूरा है। सड़क का यह अधूरा हिस्सा उबड़-खाबड़ होने के कारण आए दिन ट्रैक्टर और ई-रिक्शा पलटने की घटनाएँ होती रहती हैं। मंगलवार को भी एक ई-रिक्शा गड्ढे में फंसने से पलट गया और उसका अगला हिस्सा टूट गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने रिक्शा को सीधा किया। स्थानीय लोग शिकायत करते हैं कि जब तक सड़क का अधूरा हिस्सा पूरा नहीं किया जाता, मार्ग पर दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

# हटाए गए नामों का स्पष्टीकरण

मंगलवार को बिहार में विशेष गहन परीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग को गुरुवार तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को देने को कहा। उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई भी होगी। इस पर चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें किसी ने अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस तर्क से अदालत संतुष्ट होती दिखाई नहीं दी। पीठ का कहना था कि 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। कोर्ट का यह भी कहना था कि उसके आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है। कोर्ट का यह कहना भी बहुत कुछ कह जाता है कि अंतिम सूची में मतदाताओं में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह कहकर याद दिलाया कि ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 नाम हटाए। जबकि यह अदालत पहले ही कह चुकी है कि मृतक हैं या कहीं ओर चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है, लेकिन यदि किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 या एसओपी का पालन करें और हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अदालत ने यह भी कहा कि अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़ गए नाम नए मतदाताओं के हैं, हालांकि कुछ पुराने भी हैं। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 37 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई। जो पहले 7.89 करोड़ थी और यह विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ। हालांकि मसौदा सूची की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। इस पूरी कवायद से साफ है कि कभी एसआईआर का मामला उतनी पारदर्शिता के साथ सामने नहीं आ रहा है, जैसीकि अपेक्षा चुनाव आयोग ने की थी। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था जिनमें वे लोग शामिल थे, जो मर चुके थे या दूसरी जगह पर चले गए थे या जिनके नाम दो बार दर्ज थे। 9 तारीख को अदालत की सुनवाई में क्या तस्वीर सामने आती है यह तो तब ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह का तर्क-वितर्क एसआईआर को लेकर अदालत में व अदालत से बाहर चल रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। विपक्षी दल पहले ही बिहार में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं और यह क्रम अभी भी जारी है। चुनाव आयोग को समझना होगा कि भले ही उसके पास कितने ही विशेषाधिकार हों, वह जनता के बीच जवाबदेही से नहीं बच सकता और यह विशेषाधिकार भी उसके पास इसलिए हैं, क्योंकि उससे अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष काम करेगा।

## इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या



उप्र के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है, देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने, मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा, भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं।

**-राहुल गांधी, विपक्ष नेता, लोकसभा**

# समय आ गया है जब साम्राज्य अपने साए से ही डरने लगे



वाहिद नसीम

दुनिया की सरहदें कभी जमीन पर नहीं बनतीं वे विचारों के बीच बनती हैं और जब विचार बदलते हैं, तो साम्राज्य ढहते हैं। आज वही दृश्य फिर से इतिहास के कैनवास पर उभर रहा है। गजा और इसराइल के बीच की जंग अब किसी धार्मिक संघर्ष से आगे निकलकर भू-राजनीतिक पुनर्जन्म का संकेत बन गई है। कई लोग इस युद्ध को तबाही की निशानी मान रहे हैं, लेकिन शायद यह आने वाले दो-राष्ट्र समाधान की भूमिका है। ट्रंप, जो एक व्यापारी के रूप में राजनीति में उतरे, अब शतरंज के ऐसे मोहरे चल रहे हैं जिससे इसराइली लॉबी और वैश्विक बैंकिंग सिंडिकेट की नींद उड़ गई है। वो लॉबी जिसने डॉलर को ईश्वर और वॉल स्ट्रीट को उसका मंदिर बना दिया था कृ अब अपनी ही छाया से डरने लगी है। उधर ब्लादिमीर पुतिन, जो दशकों से भू-राजनीति के शतरंज पर चुपचाप चल रहे थे, शायद अब नेतन्याहू को यह भरोसा दे चुके हैं कि इरान इजराइल के लिए खतरा नहीं, बल्कि नई स्थिरता का आधार बन सकता है। अगर यह समीकरण सच है, तो मध्य-पूर्व में अस्थाई शांति का वह क्षण आ चुका है जिसे कई पीढ़ियों ने सिर्फ किताबों में देखा था। इजराइल को अब अरब देशों से पूर्ण मान्यता मिलना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक सुविचारित ऐतिहासिक आवश्यकता लगती है।

**चीन और अमेरिका**- दूसरी तरफ, चीन ने अमेरिका में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। जबकि सऊदी अरब और कतर पहले ही लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर के वादे कर चुके हैं। यह वही क्षण है, जब ट्रंप का नारा Make America Great Again अब किसी रैली का नारा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धड़कन बन गया है। इतना बड़ा पूंजी निवेश न केवल करोड़ों अमेरिकी नौकरियों को जन्म देगा, बल्कि पश्चिमी आर्थिक ढांचे को नया जीवन भी देगा। अब बात करते हैं यूक्रेन की इतनी शांति और आर्थिक पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि में, ट्रंप का NATO से बाहर निकलने का बयान सिर्फ धमकी नहीं एक संकेत है। संकेत इस बात का कि अमेरिका अब यूरोप की रूस-विरोधी महत्वाकांक्षाओं में दिलचस्पी नहीं रखेगा। यही कारण है कि यूक्रेन युद्ध के अंत की फुसफुसाहट अब राजनयिक गलियारों में सुनाई देने लगी है।

**ताइवान व चीन-बिना लड़े जीती हुई जंग**

ट्रंप के झुकाव और यूरोप की थकान के बीच, चीन की छठी पीढ़ी की रक्षा प्रणाली ने शायद बिना एक भी गोली चलाए जंग जीत ली है। ताइवान अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं रहेगा और यह बीजिंग की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत संभव हो चुकी है। अब आते हैं गोल्ड यानी सोने पुनर्जन्म पर, जब साम्राज्य थकने लगते हैं, तो धरती फिर से सोने की ओर लौटती है। आज दुनिया के सेंट्रल बैंक और अरबपति तेजी से सोना खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आने वाला समय पेपर करेंसी का नहीं, गोल्ड-बैक्ड करेंसी का होगा। सोने की कीमतों का असामान्य उछाल सिर्फ बाजार की प्रतिक्रिया नहीं यह विश्व मुद्रा प्रणाली के पुनर्लेखन की शुरुआत है।

**डॉलर साम्राज्य का डूबता सूरज**-इजराइली लॉबी, बैंकिंग सिंडिकेट और डॉलर के अदृश्य मालिक अब इतिहास के आखिरी अध्याय में पहुंच चुके हैं। उनकी पकड़ ढीली हो रही है और दुनिया नई करेंसी व्यवस्था स्वर्ण आधारित संतुलन की ओर बढ़ रही है। हर देश चाहता है कि उसके नागरिक आने वाले आर्थिक झटकों से सुरक्षित रहें और यही कारण है कि गोल्ड अब फिर से गॉड बनने जा रहा है।

**खेल अभी बाकी है**-इतिहास की घड़ी फिर से टिक-टिक कर रही है। पुराने साम्राज्य ढह रहे हैं, नई सभ्यताएं जन्म ले रही हैं और शायद, बहुत जल्द हम देखेंगे कि युद्धों से नहीं, बुद्धि और अर्थव्यवस्था की शांति से नया विश्व बनने की संभवन स्पष्ट होने लगी है।

# डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है



जब इतिहास थक जाता है, तो भविष्य उसकी जगह ले लेता है। आज वही क्षण है जब डॉलर का युग अपने अंत की आहट सुन रहा है और गोल्ड-बेस्ड डिजिटल करेंसी का नया अध्याय खुलने जा रहा है। दुनिया एक बार फिर उस दिशा में लौट रही है जहां धन का मूल्य कागज नहीं, धातु तय करती थी।

**डिजिटल गोल्ड नई सभ्यता का विश्वास कोड**

डिजिटल गोल्ड को समझना आसान नहीं, क्योंकि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं विश्वास का पुनर्निर्माण होगा। केंद्रीय बैंक अब धीरे-धीरे अपने भंडार में भौतिक सोने को जोड़ रहे हैं, लेकिन अगला कदम उससे भी बड़ा होगाी

**सोने को ब्लॉकचेन पर टोकनाइज करना**

इसका अर्थ यह है कि हर ग्राम सोना अब डिजिटल रूप में, एक सुरक्षित कोड के रूप में, वैश्विक लेन-देन का आधार बनेगा और यही वह बिंदु है जहां केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) और गोल्ड-बैक्ड टोकन मिलकर एक नई आर्थिक सभ्यता रचने की ओर बढ़ चले हैं।

**रूस, चीन और अरब ब्लॉक नई मुद्रा की धुरी होंगे**

रूस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह BRICS बैंकिंग नेटवर्क को सोने आधारित ट्रेडिंग सिस्टम से जोड़ना चाहता है। चीन ने युआन को गोल्ड-बैक्ड क्लियरिंग करेंसी में बदलने की योजना शुरू कर दी है और सऊदी अरब तेल सौदों में अब डॉलर के बजाय युआन और स्वर्ण दोनों को स्वीकार कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि पेट्रोडॉलर पेट्रोगोल्ड में बदल रहा है। मध्य पूर्व, जिसे कभी अमेरिका ने सिर्फ तेल का कुआं समझा था, अब विश्व आर्थिक पुनर्संतुलन का केंद्र बन चुका है। रियाद, दोहा, अबू धाबी और तेहरान ये चारों शहर मिलकर वो नींव डाल रहे हैं जिस पर नई करेंसी व्यवस्था खड़ी होगी।

**अमेरिका और यूरोप**- ट्रंप भले ही निवेश और नौकरियों की भाषा बोल रहे हों, लेकिन वॉल स्ट्रीट के गलियारों में डर है, क्योंकि गोल्ड-बेस्ड सिस्टम का अर्थ है कि बैंकिंग का अदृश्य नियंत्रण खत्म। क्योंकि अब मुद्रा का मूल्य किसी फेडरल रिजर्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि सोने के वास्तविक भंडार पर निर्भर करेगा। यही कारण है कि डॉलर की अदृश्य सत्ता जो दशकों तक दुनिया की सांसों को नियंत्रित करती रही अब ढलते सूरज की तरह लाल पड़ने लगी है।

**भारत-चौराहे पर खड़ा है**- भारत, जो कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, यह अलग बात है कि सोना मसाले निर्यात से प्राप्त होता था। अब इस नए समीकरण का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है। अपितु भारत को निर्यात के लिए नए उत्पाद की खोज करनी होगी। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व तो है, मगर यहां अधिकतर गोल्ड जनता के पास है, यहां की सभ्यता में सोना एक अति आवश्यक पात्र बना हुआ है जो हर रीति रिवाज त्योहार धर्म अधर्म सब के बीच अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। रिजर्व बैंक ने गोल्ड-बैक्ड डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कोई कदम उठाएगा तो भारतीय सभ्यता छुपाने का चलन बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न करेगा। अभी भी अगर अपनी नई दासवाद की नीति को समाज वाद से जोड़ ले तो रुपया BRICS ब्लॉक की स्थिर मुद्रा बन सकता है। भारत का पारंपरिक स्वर्ण-प्रेम अब आर्थिक शक्ति में बदलने का समय आ चुका है। सिर्फ नीतियों में जागृति की जरूरत होगी है। कुछ अर्थ दार्शनिक तलाशने होंगे।

**डिजिटल गोल्ड बनाम क्रिप्टो एक बड़ा भ्रम**

कुछ लोग डिजिटल गोल्ड को क्रिप्टोकरेंसी समझने की भूल कर रहे हैं, लेकिन दोनों में फर्क वही है जो मूल्य और कल्पना में होता है। क्रिप्टो एक अदृश्य मूल्य की कल्पना है, जबकि डिजिटल गोल्ड वास्तविक संपत्ति का डिजिटलीकरण है। एक हवा पर चलता है, दूसरा जमीन पर खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ अर्थशास्त्र नहीं, सभ्यता का पुनर्लेखन है, क्योंकि जब मुद्रा बदलती है, तो समाज का चरित्र बदलता है। विश्वास अब नोट पर नहीं लिखा जाएगा वह कोड में एन्क्रिप्ट होगा। सवाल यह नहीं कि कौन-सी करेंसी चलेगी, सवाल यह है कौन इसे नियंत्रित करेगा। अगर यह नियंत्रण फिर से कुछ चुनिंदा देशों या टेक-कार्टेल्स के हाथ में चला गया, तो डिजिटल गोल्ड भी एक नया साम्राज्य बन जाएगा, लेकिन अगर इसका नियंत्रण पारदर्शी और बहु-राष्ट्रीय ढांचे में हुआ तो दुनिया पहली बार न्यायपूर्ण मुद्रा प्रणाली का स्वाद चखेगी। सोना सिर्फ धातु नहीं, यह सभ्यताओं की याददाश्त है। यह हमें याद दिलाता है कि धन तभी स्थाई है, जब वह धरती से जुड़ा हो। शायद आने वाले वर्षों में जब डॉलर की जगह गोल्ड टोकन या BRICS Coin लेगा, तो इतिहास फिर से वह कहेगा सभ्यताएं लौट आती हैं, बस उनका स्वरूप बदल जाता है। खेल अभी बाकी है पश्चिम का Debt Empire अब अपने ही बोझ से गिरने लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की आर्थिक स्थिति में हो रही उथल-पुथल को पूरी तरह से रेखांकित करने के साथ भविष्य भी समझा रहे हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्लानिंगः किसकी शह पर यह कांड कराया गया



पुष्प रंजन

बार से सस्पेंडेड वकील राकेश किशोर ने कहा मैंने परमात्मा के आदेश का पालन किया। CJI को जूते मारने का कोई पछतावा नहीं। परमात्मा मुझसे यही कराना चाहता था। इसके लिए कोर्ट या बार से माफी नहीं मांगेंगे। अब आप पता करते रहिए, यह परमात्मा रायसीना हिल के किसी आलीशान-अभेद कार्यालय में विराजमान है या लोक कल्याण मार्ग की किसी कोठी में? परमात्मा है, तभी इस भटकती आत्मा में हिम्मत आई और इतना बड़ा काण्ड कर बैठा। परमात्मा जी मिलें कभी, तो मैं भी पूछूं कि क्या आप इससे भी नीचे गिर सकते हैं? 71 साल का वकील राकेश किशोर, 2009 में दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) में प्रैक्टिस के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। मान्यवर, मयूर विहार फेज 1 में रहते हैं। राकेश किशोर ने यदि भूल से भी परमात्मा के बारे में मुंह खोला, उनके प्राण पखेरू मुक्त कर दिए जाएंगे।

**जूता फेंकने की वजह**-यह घटना मध्य प्रदेश के खजुराहो परिसर में क्षतिग्रस्त विष्णु प्रतिमा की पुनःस्थापना से जुड़ी याचिका के सिलसिले में हुई थी। 16 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के लिए याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया।

**चीफ जस्टिस गवई ने क्या कहा था?**

चीफ जस्टिस गवई ने कहा था, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है। जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए। इस टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की थी और सोशल मीडिया पर भी इस पर व्यापक बहस हुई।

क्या जस्टिस गवई की छवि एंटी हिन्दू बनाई जा रही है? पिछले हफ्ते ही भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की मां कमलताई गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में होने वाले संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आरोपों और बदनामी के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने का फैसला किया। कमलताई गवई ने यह बात एक खुले पत्र में बताई। 5 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट नहीं बनेंगी। कमलताई गवई ने पत्र में आगे लिखा कि जैसे ही कार्यक्रम की खबर प्रकाशित हुई, कई लोगों ने न केवल मेरी बल्कि स्वर्गीय दादासाहेब गवई उनके पति, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की भी आलोचना और आरोप लगाना शुरू कर दिया। हमने डॉ. बीआर आंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अपना जीवन जिया है, जबकि दादासाहेब गवई ने अपना जीवन आंबेडकरवादी आंदोलन को समर्पित कर दिया था। अलग विचारधारा के मंच पर अपनी विचारधारा साझा करना भी जरूरी है, जिसके लिए साहस की जरूरत होती है।

**दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चुप्पी**

अगले महीने 23 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई अवकाश ग्रहण करेंगे। इतना वक्त इज्जत-प्रतिष्ठा से काटना मुश्किल हो रहा है। सबसे दुखद है, इस पूरे प्रकरण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुप रहना। अफसोस के एक शब्द नहीं और जिस रंग-बिल्ला की शह पर इस तरह की गुंडई हो रही है, वो क्यों भला कुछ बोले?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# त्योहारों के मौसम में रखें सेहत का खास ख्याल



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है त्यौहारों का मौसम जश्न मनाने और दावतों का समय होता है इन दिनों में जायके के शौकीन लोग कई तरह के लजीज पकवान और मिठाईयां जमकर खाते हैं, जिसका असर सीधा सेहत पर पड़ता है। फेस्टिव सीजन आते ही हर घर में मिठाइयों, तले-भुने पकवानों और भारी भोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस फेस्टिव ट्रीट में जिन मिठाईयों और खाने के आइटम्स परोसे जाते हैं उनमें चीनी और फैट अधिक मात्रा में होती है। जिससे हमें भूख अधिक लगती है और अधिक खाने से पाचन तन्त्र गड़बड़ा जाता है जिसके सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है।

त्योहारों के दौरान घर की साफ सफाई, मेहमानों की आवभगत की तैयारियों और भाग दौड़ की बजह से अक्सर हम समय पर भोजन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अधिक तेल। मसाले वाला भोजन और मिठाइयों का ज्यादा सेवन गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों का कारण बनता है। मेरा मानना है कि त्योहारों में जमकर खाने का लुफ्त उठाने के साथ साथ ही पेट और सेहत का ध्यान रखने के लिए थोड़ी सावधानी और समझदारी बेहद जरूरी है त्योहारों में स्वाद और खुशियों के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता देना जरूरी है।

**खानपान**

त्योहारों के दिनों में लोगों को सेहत का सन्तुलन बनाए रखने के लिए माइंडफुल ईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। बीमारियों को दूर करने के लिए खानपान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है।



त्योहारों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां देखकर अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं। त्योहारों में नमकीन, बिस्किट, समोसे कचौड़ी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे ज्यादा मैदे का उपयोग किया जाता है। जिसमें ट्रांस फैट अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। लड्डू, गुलाब जामुन, गुजिया और नमकीन पकोड़े जैसे स्वादिष्ट पकवानों में चीनी, तेल और कैलोरी की मात्रा अधिक होती रोजाना ज्यादा मीठा या तली-भुनी चीजें खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल भी प्रभावित हो सकता है। मिठाइयों में उपयोग किया जाने वाले तेल और मावे की बजह से हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

ज्यादा शुगर खाने से धामनिया संकुचित होने लगती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। इसलिए फेस्टिव सीजन में सीमित मात्रा में ही मिठाइयों का सेवन करें। मेरा सुझाव है की आप मिठाइयों की जगह ड्राई फ्रूट्स, खजूर या गुड़ से बनी चीजों को प्राथमिकता दें। खास तौर पर बाजार में तैयार खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बाजार से मिठाई खरीदने की जगह नारियल की बर्फी आदि मिठाइयों को आप आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें। फल, सलाद और साबुत अनाज जैसे विकल्प पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त भोजन आपके पाचन तंत्र में पानी को बनाए रखता है जिससे भोजन को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। मेरी सलाह है कि प्लेट में उतना ही लें जितना भूख हो, और छोटे-छोटे हिस्सों में बार-बार खाएं। त्योहारों में खाने की विविधता भले ही आकर्षक हो लेकिन ओवरईटिंग से बचना सबसे जरूरी।

**मिठाइयों को सीमित मात्रा में लें**

त्योहारों में मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए क्योंकि उनमें चीनी, कैलोरी और फैट अधिक होता है, जिससे वजन बढ़ना, डायबिटीज, और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा होता है। मिठाई, नमकीन, मसालेदार और तले हुए खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना तो मुश्किल है, लेकिन इनकी मात्रा को सीमित करने से डाइट को मैनेज करने में मदद मिलती हे। ध्यान रखें कि आप कितना खा रहे हैं।

**गुड़, शहद या फलों का प्राकृतिक मीठापन चुनें**

त्योहारों में मिठाइयों के साथ-साथ कई नमकीन पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसको देखकर हम अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाते और काफी मात्रा में इसका सेवन कर लेते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्याए, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े कई बीमारियों के होने का जोखिम रहता है।

**व्यायाम**

त्योहारों में नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से वजन नियंत्रण में रहता है, मूड बेहतर होता है मानसिक तनाव कम होता है। आप रोजाना कुछ मिनट टहलकरए घर पर हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग करके या सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर सक्रिय रह सकते हैं। इस तरह आप त्योहारी मौसम के दौरान भी स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करें। व्यायाम हमारे शरीर और मन को प्रकृति की बदलती लय के अनुकूल बनाने में मदद करता है। यदि आप दशहरा और दिवाली के त्योहारों के दौरान योग का अभ्यास जारी रखते हैं, तो आपको अधिक आत्मविश्वास और शालीनता से घूमने।फिरने के लिए ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। अपनी दिनचर्या में नियमित वृक्षासन, ताड़ासन और भुजंगासन को शामिल करें। यह योग वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**हाइड्रेटेड रहें**-दिन की शुरुआत पानी से करें त्योहारों के सीजन में लोगों की दौड़-धूप बहुत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अपने दिन की शुरुआत एक बड़े गिलास निम्बू पानी से करें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा, कोशिकाएं हाइड्रेट होंगी और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। पानी पाचन तंत्र को साफ रखता है और एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है। पानी की कमी से आप दिन भर की भाग दौड़ नहीं कर सकेंगे क्योंकि इससे रक्त चाप बढ़ सकता है और आपका शरीर थका-थका महसूस करेगा। अपने आहार में तरबूज, खीरा, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ न सिर्फ हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि जरूरी विटामिन और खनिज भी प्रदान करते हैं। फल और सब्जियां आपको कम कैलोरी देती हैं इन्हें स्नैक्स में शामिल कर आप कम वसा का सेवन करने में सफल हो सकते हैं। दावतों के दौरान भारी और तैलीय व्यंजनों के साथ सलाद या फलों की थाली का संतुलन बनाएं। ये खाद्य पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं, बल्कि आवश्यक विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। अपने साथ पानी की 1 बोतल रखें और हर आधे घंटे में पानी पीते रहें।

(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक अपने लोगों पर बम गिराता है: भारत



**वाशिंगटन।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।

हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। हरीश ने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में पाकिस्तानी सेना ने 22 सितम्बर को बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाइजीरियाई नागरिक, अपेह नन्ना मालाची को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार साल से भारत में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से उसे उसके देश निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राम कुमार की अगुवाई वाली टीम अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय थी। 3 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार और एएसआई धर्मेंद्र को सूचना मिली कि नांगल राया, वसंतकुंज साउथ में एक नाइजीरियाई नागरिक किराए का मकान तलाश रहा है।

# पाक ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई विरोध में, सीक्रेट सौदे से देश के हालात बिगड़ेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है।



■ इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है

■ USSM ने इसे पाक व अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया

इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तानी सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्कर्स आर्गेनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। पीटीआई ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। पीटीआई के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि यह सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कापर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका।** उत्तरी ज़ाम्बिया के शिवांगंडु जिले में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे। अधिकारी ने फ़ेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहां पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है।

### मेडागास्कर के राष्ट्रपति ने नए पीएम की नियुक्ति की

**एंटानानारिवा।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना ने रुफिन फ़ोर्टुनैट डिम्बिसोआ ज़ाफिसाम्बो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। यह नियुक्ति व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार के भंग होने के एक सप्ताह बाद की गई थी। राजोइलिना ने कहा कि नए प्रधानमंत्री को 'व्यवस्था बहाल करने और लोगों का विश्वास फिर से हासिल करने में सक्षम' होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य कार्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और देश की प्रमुख प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना होगा।

### सूडान: आरएसएफ के तोपखाने हमले में 13 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूहों ने यह जानकारी दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है।

# गाजा जंग के 2 साल: 80 फीसद इमारतें और 40% स्कूल तबाह

## 65 हजार से ज्यादा मौतें, मृतकों में 18 हजार बच्चे शामिल

**गाजा।** हमास के हमले से शुरू हुए गाजा युद्ध के आज दो साल पूरे हो गए हैं। लगातार बमबारी और जमीनी सैन्य कार्रवाई ने गाजा पट्टी को मलबे के ढेर में बदल दिया है। यूएन की सैटेलाइट रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करीब 90 प्रतिशत स्कूल खंडहर बन चुके हैं और 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली, न इलाज। गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में घुसपैठ की और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया। जवाब में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत जंग का ऐलान किया और हमास पर हमले शुरू कर दिए। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' (सैलाब जैसा जवाबी हमला) का नाम दिया, जबकि इजरायल ने इसे 'सिमचत तोराह वार' (यहूदी लोगों का एक त्योहार) कहा। 2 साल में 90 प्रतिशत लोग बेघर हुए गाजा के 23 लाख लोगों में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हैं। उत्तर और दक्षिण गाजा से भगाए गए लाखों लोग अब टेंटों में बिना पानी, बिजली और दवा के दिन गुजार रहे हैं।



■ गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है, वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली

### गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका, बीते दो साल में इजरायल को करीब 21.7 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे चुका है। इसमें बाइडन प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन द्वारा दी गई मदद शामिल है। हमास के इजरायल पर हमले और गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई को दो साल पूरे हो चुके हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। जिसके बाद संघर्ष की शुरुआत हुई और यह अभी भी जारी है। ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा प्रकाशित 'कास्ट्स ऑफ वार' (युद्ध की लागत) नामक एक अध्ययन में ये भी कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले दो वर्षों में पश्चिम एशिया में सुरक्षा सहायता और विभिन्न अभियानों पर करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च की है।

गाजा पट्टी का करीब 80 प्रतिशत इलाका मिलिट्री जोन में है, जहां आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। यूएन एजेंसियों के अनुसार आधे से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं।

अब तक 66158 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, इनमें 18430 बच्चे (लगभग 31 प्रतिशत) शामिल हैं। गाजा में करीब 39384 बच्चे सूचि ब) हैं जिनके माता या पिता में से कोई एक मारा गया है। वहीं, 17000 फलस्तीनी बच्चे माता-पिता दोनों खो चुके हैं। राहत एजेंसियां कहती हैं- यह अब शहर नहीं, जिंदा बचे लोगों का कैंप मात्र है। यूनिसेफ की रिपोर्टों के मुताबिक, गाजा में 5 साल से कम उम्र के 43,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

गाजा में करीब 54 मिलियन टन मलबा, इसे हटाने में 10 साल लगेंगे पिछले 2 साल से लगातार इजरायली बमबारी के बाद गाजा अब एक मलबे का शहर बन गया है। यूएन रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें तबाह हो गई हैं। जिनमें से आधी से ज्यादा पूरी तरह ढह गईं। इससे करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायली सेना के हमलों में तबाह हुई इमारतों का करीब 54 मिलियन टन से ज्यादा मलबा जमा है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये लगेंगे। इजरायल ने एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और 4 सैन्य कारिडोर बना दिए हैं।

# मैंने जो कहा, वह बहुत असरदार था, वे रुक गए: ट्रम्प



■ ट्रम्प ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चले संघर्ष को रुकवाने का दावा किया है। इतना ही नहीं ट्रम्प एक बार फिर से टैरिफ को हथियार बताने से भी नहीं चूके।

उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को रोकने में टैरिफ (आयात शुल्क) का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया। जो उन्होंने कहा था, वह बहुत असरदार साबित हुआ। ओवल आफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम टैरिफ की वजह से शांति-रक्षक हैं। हम सैकड़ों अरब डॉलर कमाते हैं, लेकिन साथ ही टैरिफ के कारण हम युद्ध रोकने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता, तो आज भी चार युद्ध चल रहे होते। ट्रम्प ने कहा कि मैं युद्ध रोकने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार थे। सात विमान गिराए गए थे। वे लड़ाई के लिए तैयार थे। दोनों ही परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता कि मैंने क्या कहा था, लेकिन जो मैंने कहा वह बहुत प्रभावी था। वे रुक भी गए। यह टैरिफ और व्यापार पर आधारित था। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।



लंदन। इजरायल-हमास युद्ध की वर्षगांठ पर गाजा में मारे गए लोगों के लिए संसद स्कवायर में मुखौटा पहनकर जुलुस निकालते फलस्तीन समर्थक।

## बलूचिस्तान सीमा के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान की सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ। यह ट्रेन क्वेटा जा रही थी, तभी पटरियों पर लगाए गए विस्फोटक में धमाका हो गया। धमाके की वजह से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, कई यात्री घायल हुए हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग घायल या हताहत हुए हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं, घायलों का इलाज किया जा रहा है और अधिक.ारी हमले की जांच में जुटे हैं। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है।

## ट्रम्प को पुतिन की चेतावनी, यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने से हमारे संबंध खराब होंगे

**मास्को।** वैश्विक ताकतों के टकराव और लंबे समय से जारी संघर्षों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की टामहाक मिसाइलों की आपूर्ति की तो वाशिंगटन और मास्को के बीच संबंधों खराब हो जाएंगे। सितम्बर के अंत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि व्हाइट हाउस कीव को टामहाक मिसाइलें देने पर विचार कर रहा। एक मिसाइल की कीमत 11.44 करोड़ रुपये है। इनकी मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है, जिससे ये मिसा.इलें मास्को और उसके बाहर भी हमला कर सकेंगी।

# बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने के लिए जंगी जहाज तैनात

■ हेलिकाप्टर से निगरानी भी हो रही, प्रजनन के समय अवैध शिकार रोकने की कवायद तेज

**ढाका।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वार शिप और गश्ती हेलिकाप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के शमलापुर गांव में मछुआरे मछलियां पकड़ते हुए। हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपये) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोल.काता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टाक कम हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टाक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए।

# ब्रिटेन से 40 हजार आईफोन चुराकर चीन भेजे

## गिरोह लंदन में फोन चोरी के 40 प्रतिशत मामलों में शामिल, एक भारतीय समेत 18 लोग गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पिछले साल 40000 चोरी किए गए मोबाइल फोन ब्रिटेन से चीन तक भेजे। मेट्रोपालिटन पुलिस का कहना है कि यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है।

इसमें 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में 2 अफगानी और एक भारतीय नागरिक की पहचान हुई है। पुलिस का दावा है कि यही गिरोह लंदन में चोरी हुए कुल फोन में से करीब 50 प्रतिशत को विदेश भेजने के लिए जिम्मेदार था। फोन लेकर भागते चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 9 सितम्बर की है। यह जांच तब शुरू हुई जब पिछले साल क्रिसमस पर एक पीड़ित ने अपने चोरी हुए आईफोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन हीथ्रो एयरपोर्ट के पास एक गोदाम में मिली। वहां सुरक्षाकर्मियों ने जब जांच की, तो फोन एक डिब्बे में मिला जिसमें 894 और फोन थे। जांच में पता चला कि लगभग सभी फोन चोरी किए गए थे और उन्हें हान्गकान्ग भेजा जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आगे की खेप रोक दी और फोरेंसिक जांच से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस को पता चला कि ये कार में पन्नी में लपेटकर फोन की तस्करी करते थे ताकि चोरी का सामान पकड़ा न जाए। दोनों आरोपी 30 साल के अफगान नागरिक हैं। उन पर चोरी का माल रखने और आपराधिक संपत्ति छिपाने की साजिश का आरा.ेप है। तस्करी के गिरोह में एक 29 साल का भारतीय नागरिक भी शामिल है। दो अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कार में कई फोन मिले, जिनमें से कुछ पन्नी में लिपटे हुए थे। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क गेविन के मुताबिक, यह गिरोह लंदन में चोरी हुए फोनों को विदेश भेजने में शामिल था। गेविन ने कहा कि लंदन में फोन चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 28609 फोन चोरी हुए थे, जो 2024 में बढ़कर 80588 हो गए। यानी चार साल में यह संख्या लगभग तीन गुना हो गई।



■ यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है, 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद

# फिजिक्स का नोबेल तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को

■ मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग के लिए मिला, चिकित्सा, अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में फायदा होगा

**स्काटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जान क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जान मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है।

क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिंसाब से यह असंभव होना चाहिए। आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं। आम जिंदगी में गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में यह दीवार के पार चली जाती है। रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108